दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

RNI NO. MPHIN/37471 जबलपुर, शुक्रवार 10 दिसम्बर 2021, कार्तिक शुक्ल पक्ष दसवीं, विक्रम संवत-2077 वर्ष-03 अंक- 23 पृष्ठ- 08 मूल्य-3 रुपए -जबलपुर, भोपाल, छत्तीसगढ़ बिलासपुर, झारखंड से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

जनरल रावत का आखिरी पल: वो बुरी तरह घायल थे, पानी मांगा पर अफसोस

देश के लिए इतना कुछ करने वाले को पानी तक नहीं दे पाया

नई दिल्ली

हादसे के दूसरे दिन ष्ठष्ठस् जनरल बिपिन रावत के आखिरी पल की कहानियां सामने आ रही हैं। कई ऐसे चश्मदीद हैं, जिन्होंने घायल जनरल रावत को देखा, पर पहचान न सके। ऐसे ही एक शख्स ने बताया कि हादसे के बाद एक आदमी बेहद घायल दिखा। जिंदा था, पानी मांग रहा था, लेकिन हमारे पास देने को पानी तक नहीं था। बाद में पता चला कि वह घायल व्यक्ति जनरल बिपिन रावत हैं। इसका मुझे ऐसा सदमा लगा कि रातभर सो नहीं सका। सोचिए, एक इंसान जिसने देश के लिए इतना कुछ किया हो, उसे आखिरी वक्त में पानी तक न मिलेज

चश्मदीद की ऐसी ही कहानियांज

पहला चश्मदीद- फोटो देखी तो पता चला कि वो कौन हैं

कुन्नूर के रहने वाले कॉन्ट्रैक्टर शिवकुमार हादसे के वक्त नीलगिरी की पहाड़ियों पर चाय बागान में काम करने वाले अपने भाई से मिलने गए थे। शिवकुमार ने बताया, %मैंने देखा आग की लपटों में घिरा हेलिकॉप्टर गिर रहा था। धुएं और इलाके की वजह से घटनास्थल पर पहुंचने में मुश्किल हुई। 3 बॉडी जलते हुए हेलिकॉप्टर से गिरीं। जब वहां पहुंचे तो दो बॉडी हेलिकॉप्टर के बाहर पड़ी हुई थीं।

वे इतना जल गए थे कि पहचानना भी मुश्किल था। एक आदमी जिंदा था। हमने उससे कहा कि परेशानी की बात नहीं है। हम मदद के लिए आए हैं। उसने पीने के लिए पानी मांगा।

इसके बाद एक चादर में रेस्क्यू टीम और लोकल लोग उस आदमी को लेकर चले गए। 3 घंटे बाद किसी ने मुझे उस व्यक्ति की फोटो दिखाई। बताया कि जिस आदमी से तुम बात कर रहे थे, वो जनरल बिपिन रावत हैं। मुझे भरोसा नहीं हुआ कि जिस आदमी ने देश के लिए इतना कुछ किया, उसे पानी भी नहीं मिल सका। यह सोचकर मैं रातभर सो नहीं पाया।%

दूसरा चश्मदीद- एक आदमी मदद के लिए चिल्ला रहा था

घटनास्थल के करीब ही रहने वाले एस दास ने बताया कि हादसे के बाद वहां का टेम्परेचर काफी बढ़ गया था। हम लोग समझ नहीं पा रहे थे कि क्या करें। हमने पेड़ों की टहनियां टूटने की आवाज सुनीं। एक आदमी मदद के लिए चिल्ला रहा था। उसके बाद ऐसा धमाका हुआ जैसे सिलिंडर फटा हो।

तीसरा चश्मदीद- मेरे घर के करीब ही जल रहा था हेलिकॉप्टर

मौके पर मौजूद शंकर ने कहा, %मेरे घर से महज 2 मीटर दूर चॉपर क्रैश हुआ। किस्मत थी कि मैं और बच्चे वहां नहीं थे। जलते हुए हेलिकॉप्टर के आसपास स्थित घरों में भी कोई नहीं था। हादसे के बाद पुलिस ने 500 मीटर के पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी। वहां रहने वालों के अलावा किसी को भी जाने की इजाजत नहीं थी। इंडियन एयरफोर्स के अफसर चॉपर के टुकड़े बटोर रहे थे।

चौथा चश्मदीद- पेड़ों में फंसे हेलिकॉप्टर में आग लगी और वो गिर गया

पी चंद्रिकाकुमार ने बताया, %दोपहर का वक्त था, तभी मैंने आवाज सुनी। मैं घर के बाहर भागा और देखा कि एक हेलिकॉप्टर पेड़ों में फंस गया है। इसके बाद उसमें आग लग गई और वह नीचे गिर पड़ा। मैंने कुछ लोगों को चीखते हुए भी सुना था।

पीएम मोदी दे दी दिवंगत सीडीएस बिपिन रावत व जवानों को श्रद्धांजलि

पीएम मोदी ने दिवंगत सीडीएस बिपिन रावत और अन्य सशस्त्र बलों के जवानों को श्रद्धांजलि दी इस अवसर पर वहां रक्षा मंत्री, रक्षा राज्य मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और तीन सेना प्रमुख भी मौजूद रहेंगे।मद्रास रेजीमेंटल सेंटर में सीडीएस जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी के पार्थिव शरीर को रखा गया है। यहां पर सैनिक समान के साथ उनको अंतिम विदाई दी गई। इसके बाद इन्हें वायु सेना के विमान से दिल्ली लाया गया। उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि देने राज्य के मुख्यमंत्री स्टालिन भी पहुंचे। तेलंगाना की गवर्नर और पुडुचेरी की उपराज्यपाल तमिलसई सुंदराजन ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दीं। उनका पार्थिव शरीर दिल्ली लाया गया। एयरपोर्ट के रास्ते में उनके पार्थिव शरीर पर फूलों की बारिश की जा रही थी।

क्रैश होने से पहले का वीडियो सामने आया

वीडियो स्थानीय पर्यटकों ने बनाया है। इसमें दिखाई दे रहा है कि हेलीकॉप्टर क्रैश होने से पहले काफी नीचे उड़ रहा था। वहां पर घने बादल छाए हुए थे। जब ये दुर्घटना हुई, तब मौसम बेहद खराब था। पायलट को शायद देखने में परेशानी हो रही होगी।

आज धामंदा पहुंचेगी हैलिकाप्टर हादसे में शहीद जितेंद्र की पार्थिव देह, अंतिम संस्कार में शामिल होंगे सीएम शिवराज

भोपाल/सीहोर। तमिलनाडु के कुन्नूर में बुधवार को हैलिकाप्टर हादसे में सीडीएस बिपिन रावत के साथ उनके पीएसओ (पर्सनल सिक्युरिटी आफिसर) जितेंद्र वर्मा का भी दुखद निधन हो गया था। सीहोर की इछावर तहसील के ग्राम धामंदा निवासी जितेंद्र के निधन की सूचना के बाद से ही गांव में मातम का माहौल है। गुरुवार सुबह से ही जनप्रतिनिधियों का उनके घर पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। दोपहर में सेना की टीम भी शहीद जितेंद्र के घर पहुंची और जांच के लिए उनकी मां का डीएनए सैंपल लिया। इसके बाद टीम वहां से वापस दिल्ली के लिए रवाना हो गई। बताया जा रहा है कि शहीद जितेंद्र की पार्थिव देह को कल हेलिकॉप्?टर के जरिए लाया जाएगा। उनके अंतिम संस्कार में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह और गृहमंत्री डॉ नरोत्?तम मिश्रा भी शामिल हो सकते हैं। प्रशासन द्वारा शहीद जवान के अंतिम संस्?कार के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। जवान के घर

के आसपास हेलीपैड का निर्माण किया जा रहा है और विश्राम घाट तक पक्की सड़क का निर्माण कराया जा रहा है।

जितेंद्र के चाचा ने चर्चा के दौरान बताया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने जितेंद्र की पत्नी से बात करने के लिए दो बार फोन पर संपर्क किया, लेकिन पत्नी सुनीता का स्वास्थ्य ठीक नहीं होने के कारण बात नहीं हो सकी। हालांकि उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। जितेंद्र सेना का लिए समर्पित था, वहीं अपने बेटे को भी पढ़ा लिखाकर देश सेवा में भेजना चाहता था। वह 15 दिन पहले ही ड्यूटी पर गया था, उसने मंगलवार को ही घर पर सबसे बात की थी। पिछले 2011 से वह देश सेवा के लिए काम कर रहा था, परिवार की भी उसे हरदम चिंता रहती थी। उसने घर बनाने से लेकर खेती के लिए ट्रैक्टर भी दीपावली पर खरीदा था, वहीं जितेंद्र के पिता से जब बात करना चाही तो निराशा के भाव व बेटे को खोने के गम के चलते कुछ भी बात नहीं कर सके।

एमपी: भोपाल-इंदौर में पुलिस कमिश्नर सिस्टम लागू अधिसूचना जारी, एडीजी स्तर के अधिकारी होंगे कमिश्नर

भोपाल

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल और इंदौर में पुलिस कमिश्नर सिस्टम गुरुवार शाम से लागू हो गया है. प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि दोनों शहरों में नई पुलिस व्यवस्था को लागू होने की अधिसूचना जारी कर दी गई है. उन्होंने बताया कि भोपाल-इंदौर में अब अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) स्तर के अधिकारी आयुक्त होंगे. इसके आदेश एक-दो दिन में जारी किए जाएंगे. भोपाल में 38 थाने और इंदौर में 36 थाने पुलिस कमिश्नर के दायरे में आएंगे.बता दें कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसे गुरुवार 9 दिसम्बर की सुबह मंजूरी दे दी थी. विधि विभाग इस ड्राफ्ट का अंतिम बार बारीकी से परीक्षण के बाद इसे फाइनल किया. गुरुवार देर शाम तक ड्राफ्ट

नोटिफिकेशन के लिए भेज दिया जाएगा. सिस्टम के अस्तित्व में आने के बाद अब पुलिस कमिश्नर व अन्य अफसरों की पोस्टिंग का आदेश भी जारी किया जाएगा. मंत्रालय सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री 13 दिसंबर को बनारस जाएंगे. जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक लेंगे. इसमें राज्यों के नवाचार व विकास के कामों का प्रेजेंटेशन होगा. दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोद ने पिछले माह लखनऊ में पुलिस अफसरों की बैठक में कमिश्नर सिस्टम को लेकर तरीफ की थी. माना जा रहा है कि मध्य प्रदेश के प्रेजेंटेशन में पुलिस कमिश्नर सिस्टम को भी शामिल करेंगे.मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस और डीजीपी विवेक जौहरी के साथ प्रस्तावित ड्राफ्ट मंत्रालय में 1 दिसंबर को बैठक की. करीब आधे घंटे चली बैठक में दोनों अफसरों ने नए सिस्टम के ड्राफ्ट में किए प्रावधानों की सिलसिलेवार जानकारी दी. इसके बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि ड्राफ्ट को फाइनल करने के लिए एक बैठक और की जाएगी, ताकि कमी या खामी ना रह जाए. अब गुरुवार को मुख्यमंत्री ने ड्राफ्ट को मंजूरी दे दी है. बता दें कि भोपाल के 32 थाने और इंदौर के 34 थाना क्षेत्रों में यह पुलिस कमिश्नर सिस्टम लागू करने की तैयारी है।

बंगाल में सरकारी नौकरी करने के लिए आनी चाहिए बांग्ला भाषा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार ने सरकारी नौकरियों में बांग्ला भाषा और स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने का ऐलान किया है. मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार की नौकरियों में भर्ती के दौरान स्थानीय लोगों और स्थानीय भाषा जानने वालों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए. ममता बनर्जी ने कहा कि यह चलन प्रशासनिक कार्य को सुचारू बनाएगा. सीएम ममता बनर्जी ने मालदा में आयोजित प्रशासनिक बैठक के दौरान यह ऐलान किया. मुख्यमंत्री ने यहां प्रशासनिक समीक्षा बैठक के दौरान कहा, यह मैं सभी राज्यों को कह रही हूं. पश्चिम बंगाल में, अगर कोई व्यक्ति राज्य से है, तो उसे राज्य सरकार की नौकरियों में भर्ती के दौरान प्राथमिकता मिलनी चाहिए, भले ही उसकी मातृभाषा बांग्ला न हो. मुझे इससे कोई आपत्ति नहीं है. ममता बनर्जी ने कहा, लेकिन उस व्यक्ति को बांग्ला आनी चाहिए और वह राज्य का निवासी होना चाहिए. अगर वह अधिक भाषाएं जानता है, तो यह अच्छा है, लेकिन

स्थानीय भाषा का ज्ञान होना जरूरी है. उन्होंने बिहार और उत्तर प्रदेश के उदाहरणों का हवाला दिया. उन्होंने कहा कि अगर इन राज्यों की सरकारी नौकरियों में स्थानीय लोगों की भर्ती नहीं की जाती है, तो राज्य के निवासी अपनी-अपनी सरकारों के समक्ष इस मामले को उठाते हैं. मुख्यमंत्री ने कहा, हर राज्य में हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि स्थानीय लोगों को नौकरी मिले. ममता बनर्जी ने कहा कि कई मामलों में, परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के कारण अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों का स्थानीय लोगों के बजाय चयन कर लिया जाता है, लेकिन बांग्ला की जानकारी की कमी के कारण उन्हें स्थानीय लोगों के साथ संवाद करने में समस्या का सामना करना पड़ता है और वे समस्याओं के समाधान में नाकाम रहते हैं।

एमपी हाईकोर्ट का पंचायत चुनाव पर रोक लगाने से इनकार, विवेक तन्खा ने कहा-सुप्रीम कोर्ट जायेंगे

जबलपुर। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने पंचायत चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगाने से किया इनकार कर दिया। लगभग 40 मिनट तक अदालत में बहस चली. मामले में अधिवक्ता विवेक तन्खा ने कहा, अब सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। पुराने आरक्षण पर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराए जाने को लेकर विभिन्न लोगों ने याचिका के माध्यम से चुनौती दी थी. सभी याचिकाओं पर गुरुवार 9 दिसंबर को एक साथ सुनवाई हुई. हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रवि मलिमथ और जस्टिस विजय कुमार शुक्ला की डबल बेंच ने ग्वालियर बेंच में

जस्टिस रोहित आर्या की अध्यक्षता वाली युगलपीठ के आदेश को यथावत रखा. कोर्ट ने कहा कि जब ग्वालियर खंडपीठ ने स्टे देने से पहले ही मना कर दिया था, तो बेंच बदलने से क्या होगा? याचिकाकर्ता की ओर से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता एवं राज्य सभा सांसद विवेक तन्खा ने सुप्रीम कोर्ट में जाने की बात कही है. ।प्रदेश में पंचायत चुनाव को लेकर दायर विभिन्न याचिकाओं की गुरुवार नौ दिसंबर को एक साथ सुनवाई हुई. इस मामले में सबसे पहले अधिवक्ता महेंद्र पटेरिया फिर ब्रम्हेंद्र पाठक व वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक कृष्ण तन्खा, शशांक शेखर और आखिरी में आदर्श मुनि त्रिवेदी एसोसिएट की ओर से याचिकाएं दायर की गई थीं।

देश में 378 दिनों के बाद स्थगित हुआ किसान आंदोलन

15 तारीख को होगा SKM की बैठक में आखिरी फैसला

नई दिल्ली

केंद्र सरकार द्वारा संसद के शीतकालीन सत्र में तीन कृषि कानून निरस्त किए जाने के बाद आंदोलित किसानों ने आंदोलन वापस लेने का फैसला किया है. हालांकि अभी किसानों की एक और बैठक होगी जिसमें आंदोलन को खत्म करने का औपचारिक निर्णय होगा. दूसरी ओर किसान संगठनों का कहना है कि वह 11 दिसंबर के दिल्ली की पांचों सीमाओं को खाली करना शुरू करेंगे. बता दें बीते महीने 19 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माफी मांगते हुए तीनों कानून वापस लेने का ऐलान किया था. हालांकि उसके बाद भी किसान डटे रहे.

उनका कहना था कि सरकार जब तक संसद में कानून वापस नहीं ले लेती वह वापस नहीं जाएंगे. इसके बाद उन्होंने आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिजनों को मुआवजा, दर्ज किए गए मामलों को वापस लेने की भी मांग रखी. साथ ही न्यूनतम समर्थन मूल्य के मुद्दे पर कानून की मांग की. इस बाबत सरकार ने कमेटी का गठन भी किया है.

वहीं गुरुवार को किसानों ने 15 तारीख को समीक्षा के बाद आंदोलन को खत्म किए जाने पर औपचारिक निर्णय होगा. हालांकि कुछ अन्य किसानों ने बताया हम यहां से चले जाएंगे. 11 तारीख से सारे बॉर्डर खाली कर देंगे. हम बार्डरों से जा रहे हैं. रूस्क्र पर सरकार से बात करेंगे. हमारी एक बैठक 15 तारीख को भी है.

मिली जानकारी के अनुसार 13 दिसंबर को सभी किसान नेता मत्था टेकने स्वर्ण मंदिर भी जा सकते हैं.बताया गया कि किसान पंजाब के सभी टोल प्लाजा से भी हटेंगे. टोल प्लाजा पर धरने 15 दिसम्बर को हटाए जाएंगे ऐसे में माना जा रहा है कि 15 तारीख के बाद पंजाब की सड़कों पर टोल टैक्स शुरू हो जाएगा.

आज बेबाक

देश का स्वनाम धन्य सबसे बड़ा शिक्षण संस्थान जेएनयू एक बार फिर आपत्तिजनक नारेबाजी के लिए चर्चा में आ गया है। टुकड़े-टुकड़े गैंग के समर्थक छात्रों के एक गुट ने जेएनयू में बावरी मस्जिद के समर्थन में मार्च निकाला और भड़काऊ नारेबाजी कर अपनी भड़ास निकाली। बावरी मस्जिद फिर से बनाने की आवाज उठाने वाले इन सिरफिरे छात्रों ने अपने कृत्य से सुप्रीम कोर्ट की भी अवमानना की है। अधेड़ उम्र वाले ये छात्र अबोझ बालक नहीं है। इन्हे कतई न बख्शा जाए। इनके खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाए ताकि जेएनयू देशद्रोहियों का अड्डा न बन पाएं।

सूर्योदय

उदय : 7.00 प्रात:

अस्त : 5:37 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,911,749,900

भारत: 1,399,779,690

बाजार

सेंसेक्स : 57,633.35

निफ्टी: 17,176.70

गोल्ड : 46,910 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 61,200 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 4.96 प्रति नग

एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस को 50 लाख के घोड़े और 36 लाख की चार बिल्लियों की गिफ्ट ने फंसाया

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस 200 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय की रडार पर हैं. 5 दिसंबर को देश से बाहर जाने का प्रयास कर रही एक्ट्रेस को मुंबई एयरपोर्ट पर रोक लिया गया था. उनके खिलाफ श्वष्ठ ने लुकआउट नोटिस जारी किया है. इस बीच एक्ट्रेस गुरुवार को फिर एक बार श्वष्ठ के सामने पेश हुईं. उनसे तिहाड़ जेल में बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर के साथ उनके संबंधों को लेकर पूछताछ हुई है. ये तीसरी बार है, जब जैकलीन से श्वष्ठ ने पूछताछ की है। ईडी सूत्रों की मानें तो एक्ट्रेस और कॉनमैन सुकेश चंद्रशेखर के बीच करीबी रिश्ते थे और वह एक्ट्रेस पर पानी की तरह पैसे लुटाता था. चंद्रशेखर ने एक्ट्रेस को गोल्ड और डायमंड जूलरी, इंपोर्टेड क्रॉकरी दी थीं।

शौचालय बंदोबस्ती में की गड़बड़ी तो बर्खास्त कर दिए गए मेयर, डिप्टी मेयर व 7 पार्षद

दरभंगा। शौचालय बंदोबस्ती के अनियमितता के आरोप में दरभंगा नगर निगम के मेयर बैजंती खेड़िया और उप महापौर बदरुज्जमा खान उर्फ बॉबी खान को कुर्सी से हाथ हटा दिया गया है. बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग ने आरोप को सही पाते हुए दोनों को पद मुक्त कर दिया. इसके साथ ही स्थायी समिति में शामिल सात वार्ड पार्षदों पर भी गाज गिरी है, उन्हें भी पद से हटा दिया गया है. इससे जुड़ा पत्र भी दरभंगा नगर निगम को भेज दिया गया है. बता दें कि बिहार में ऐसा पहली बार हुआ है कि घोटाले को लेकर मेयर, डिप्टी मेयर के साथ सात पार्षद को बर्खास्त किया गया है।

मैहर के आत्मनिर्भर सिविल अस्पताल में टिटनेस का इंजेक्शन उपलब्ध नहीं तो फिर किस बात की आत्मनिर्भरता

नव प्रदेश मैहर शासकीय हॉस्पिटल में आए दिन यह देखा गया है की कहीं डॉक्टरों की अनियमितता तो कहीं पेशेंट के साथ दुर्व्यवहार अब तो बात यहां तक आ गई है कि कहने के लिए मैहर का सिविल हॉस्पिटल बड़ा ही आधुनिक बताया जाता है लेकिन बताइए एक बहुत कम मूल्य की दवा जिसका नाम है टिटनेस यह दवा बहुत ही कम मूल्य की होती है लेकिन इतने बड़े अस्पताल में यह दवा उपलब्ध नहीं है जब कोई मरीज दवा कराने आता है तो डॉक्टरों द्वारा यह कहा जाता है कि आप बाहर से टिटनेस का इंजेक्शन खरीद के ले आइए तो किस बात का सरकारी हॉस्पिटल इसमें किसकी लापरवाही है यह बहुत बड़ा सवाल है जब हमने हॉस्पिटल के प्रभारी प्रदीप निगम से बात करी तो उन्होंने बताया कि हमने सतना में बात की है आ जाएगा ऐसा कई दिनों से कह रहे हैं कि आ जाएगा इसके अलावा भी एक सस्ती दवा आती है डीओलिन जो बच्चों को सांस की प्रॉब्लम होने पर भाप के द्वारा दी जाती है कुछ ऐसा ही मामला मैहर सिविल हॉस्पिटल में आया कि एक गरीब व्यक्ति जब अपने बच्चे को रात के 11ः00 बजे लेकर आता है और डॉक्टरों द्वारा यह कहा जाता है कि आप जाइए बाहर से दवा खरीद के ले आइए अस्पताल के बाहर जाता है देखता है मेडिकल बंद हो गए हैं अब उस बेचारे को यह डर है कहीं मेरे बच्चों को कुछ हो ना

जाए और उसे यह दबाव डाला जा रहा हो कि जाइए आप बाहर से दवा ले कर आइए क्या करे बेचारा मजबूर बाप अपने बच्चे की जान जो बचानी है डॉक्टरों के द्वारा यह किया गया कृत्य सही है यह मैहर की जनता को समझना होगा इतना बड़ा हॉस्पिटल और इतनी सस्ती दवा नहीं मिल पा रही हो बड़े शर्म की बात है ऐसा नहीं इनके पास कफ सिरप भी नहीं है क्या यह लोग धांधली कर रहे हैं यह दवा उपलब्ध होने के बाद भी यह गरीब लोगों को नहीं देते यह सिविल हॉस्पिटल का एक पुराना प्रचलन हो गया है कि हमें तो भ्रष्टाचार करना है हमें किसी का डर नहीं है अभी कुछ दिनों पहले डॉक्टर सोम प्रकाश पांडे का ही मामला देख लीजिए कि हॉस्पिटल में इतनी बड़ी लैब होने के बाद भी मरीज को अपनी ही लैब में मलेरिया का टेस्ट कराने के लिए भेज दिया उसके एवज में उस गरीब लाचार व्यक्ति से ?500 लूट लिए बताइए सिविल हॉस्पिटल में इतनी लूटा मारी किसके संरक्षण में चल रही है इन्हें किसी का डर नहीं है हां यह लोग कार्यवाही के नाम पर एक नोटिस देकर लीपा पोती करते हैं और ऐसे भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देते हैं क्या यह गरीब जनता के साथ अन्याय नहीं है और डॉक्टरों द्वारा यह भी कहा जाता है कि आप हमारी प्राइवेट क्लीनिक में आइए हम आप का बेहतर इलाज करेंगे कल कुछ ऐसा ही मामला सिविल हॉस्पिटल मैहर के सोम प्रकाश पांडे के द्वारा ड्यूटी में रहते हुए लैब खुली थी फिर भी उन्होंने अपने ही लैब में जांच कराई क्या यह अपराध नहीं है बेचारे गरीब लोग क्या जाने क्या लैब होती है आए दिन गांव से आए हुए गरीबों को लूटा जा रहा है यहां तक देखा गया की एंटीबायोटिक्स की दवा भी बाहर मेडिकल से मरीजों के द्वारा खरीद वाई कराई जाती है ऐसा करने से इन सरकारी डॉक्टरों को एम आर के द्वारा कुछ पैसे मिल जाते हैं आखिरकार इन सरकारी डॉक्टरों की लगाम किसके पास है मैहर की जनता यह सवाल सीएमएचओ अशोका आवधिया से पूछती है

एडवोकेट ग्रीन इलेवन की एकतरफा जीत

सिवनी (नव प्रदेश)। जिला अधिवक्ता संघ सिवनी के अधिवक्ताओ का एडवोकेट प्रीमियर लीग लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का पांचवा मुकाबला एडवोकेट पिंक 11 एवं एडवोकेट ग्रीन 11 के मध्य खेला गया। प्रतियोगिता के मीडिया प्रभारी अधिवक्ता वीरेंद्र शर्मा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार टूर्नामेंट का दूसरा मैच पी जी कॉलेज ग्राउंड में एडवोकेट पिंक11 एवं एडवोकेट ग्रीन11 के मध्य खेला गया। एडवोकेट पिंक11 के कप्तान नितेश चौरासिया एवं एडवोकेट ग्रीन 11 के कप्तान मुकेन्द्र बघेल के मध्य हुए टॉस में एडवोकेट ग्रीन11 के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फ़ैसला किया। एडवोकेट पिंक 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवरों में 8 विकेट खोकर 100 रन बनाए टीम पिंक की ओर से नितेश चौरासिया ने 28,श्रेयांश शुक्ला ने 26 रन का योगदान दिया। टीम ग्रीन की ओर से गुलाब बरमैया ने 4 एवं अमित राजा यादव ने 2,मुकेन्द्र बघेल ने 1 विकेट लिए। 101 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ग्रीन11 ने 11.3 ओवरों में 103 रन बनाकर इस लक्ष्य को हासिल कर इस मुकाबले में जीत दर्ज की। टीम ग्रीन की ओर अमित राजा यादव ने 51 रन की शानदार पारी खेली एवं आशीष पाठक ने नाबाद 34 रन बनाए। टीम पिंक की ओर से मनोज हरिनखेड़े एवं चीकू सक्सेना ने 1-1 विकेट लिए। मैच के मैन ऑफ दा मैच अमित राजा यादव रहे। मैच के दौरान मुख्य अतिथि के रूप अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ सदस्य जयदीप बैस उपस्थित रहे। एडवोकेट पिंक11 के मेंटर रविन्द्र चौधरी एवं एडवोकेट ग्रीन11 के मेंटर निकलेंद्र नाथ सिंह गद्दू भी उपस्थित रहे। जिनका स्वागत आयोजन समिति के पदाधिकारि महेंद्र चंदेल,मनोज प्रजापति, रुद्रदेव राहंगडाले,राज गोस्वामी,अनिरुद्ध जायसवाल,पंकज जैन,अभी यादव, वीरेंद्र सोनकेशरिया, डी.आर. बाघमारे, इसरार खान,योगेश ब्यौहार,ऋषभपाल सिंह बघेल द्वारा किया गया । मैच के दौरान वरिष्ठ अधिवक्तागण साथ ही भारी संख्या में उपस्थित दर्शको ने रोमांचक मैच का भरपूर आनंद लिया। मीडिया प्रभारी अधि. वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का पांचवा मैच दिनांक 10 दिसंबर 2021 दिन बुधवार को एडवोकेट ब्लैक11 एवं एडवोकेट ब्लू11 के मध्य सुबह 7.30 बजे से पी जी कॉलेज ग्राउंड में खेला जायेगा।

विघुत विभाग बेला के जेई बेहद लापरवाह कर्मचारी बेलगाम

सतना- भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री पुष्पराज कुशवाहा ने बयान जारी करते हुए कहाँ की भाजपा सरकार आम जनमानस की संवेदनशील सरकार है कोरोना महामारी के दृष्टिगत 1 किलोवाट तक संयोजित भार वाले घरेलू उपभोक्ताओं के विघुत देयको की 31 अगस्त 2020 की स्थिति मे आस्थगित की गई राशि के भुगतान मे राहत देने के उद्देश्य से भाजपा प्रदेश सरकार व्दारा समाधान योजना लागू की गई एवं प्रदेश सरकार उपभोक्ताओं को राहत देने का कार्य कर रही है

वही सतना जिले के विघुत विभाग बेला जेई के तानाशाही पूर्ण रवैये से आम उपभोक्ता परेशान है उपभोक्ताओं के व्दारा विभाग मे शिकायत करने के कई महीने बीत जाने के बाद भी बेला जेई व्दारा कोई कार्यवाही नही की गई विघुत विभाग के ऐसे बेलगाम अधिकारियों की बजह से क्षेत्र का उपभोक्ता परेशान है विघुत विभाग बेला मे विभाग के वेलागाम अधिकारीयों के व्दारा उपभोक्ताओं की मनमानी अबरेज रीडिंग भेज कर उपभोक्ताओं को मानसिक एवं आर्थिक रूप से बेवजह परेशान किया जा रहा है

*बीपीएल कनेक्शन धारियों के यहा मीटर खराब होने एव नये मीटर नही लगाये जाने से ढाई से तीन हजार रूपये तक हर महीने बिल भेज कर गरीब उपभोक्ताओं को मनसिक एवं आर्थिक रूप से परेशान किया जा रहा है! वही किसानों एवं आम जनमानस को अघोषित विजली कटौती कर वेवजह परेशान किया जा रहा है! भाजपा की केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार एक तरफ करोड़ों रूपये खर्च करके मजदूर किसान एवं आम जनमानस के कल्याण हेतु अनेकों जनकल्याण कारी योजना चलाई जा रही है और वही दूसरी ओर *विघुत विभाग बेला के जिम्मेदार अधिकारी सरकार को बदनाम करने की साजिश कर रहे हैं जिससे आम जनमानस मे आक्रोश है भाजयुमो जिलामंत्री श्री कुशवाहा ने प्रभारीमंत्री सासंद विधायक एवं विघुत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है की क्षेत्र वासियों की समस्या को ध्यान रखते हुए अघोषित विघुत कटौती को बंद कराने एवं क्षेत्र मे क्षतिग्रस्त ट्रान्फरमर एवं क्षति ग्रस्त लाइनो को सुधारने के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दे एवं उपभोक्ताओं के मीटरों की सही रीडिंग लेकर उपभोक्ताओं को उचित बिल भेजा जाये एवं जिनके मीटर खराब उन्हें अतिशीघ्र बदले जाय क्षेत्र की जनता आपकी आभारी होगी*!

साहित्यकार प्रतिमा अखिलेश, राम भवन सिंह ठाकुर एवं अजय बोपचे कादम्बरी संस्था द्वारा सम्मानित

सिवनी (नव प्रदेश)। विगत 4 दिसम्बर को शब्द चेतना की राष्ट्रीय स्तर पर क्रियाशील संस्था कादम्बरी द्वारा अखिल भारतीय स्तर के लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकारों-पत्रकारों का सम्मान समारोह शहीद स्मारक सभागार, जबलपुर में आयोजित किया गया, जिसमें सिवनी जिले के लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार प्रतिमा अखिलेश श्रीवास्तव को उनके सृजनात्मक अवदान के परिप्रेक्ष्य में ''स्व. राजेश दुबे सम्मान 2021', राम भवन सिंह ठाकुर एवं अजय बोपचे को

उनके सृजनात्मक अवदान के परिप्रेक्ष्य में ''स्व. मिथिलेश कुमारी माथुर सम्मान 2021'' से सम्मानित कर शाल, श्रीफल एवं नकद राशि भेंट की गई। इन त्रय साहित्यकारों की इस उपलब्धि हेतु सिवनी जिले के समस्त कवियों, शायरों एवं साहित्यकारों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

हिनोतिया ग्राम के सैकड़ों लोगों ने ली आम पार्टी की सदस्यता

सिवनी (नव प्रदेश)। 26 नवम्बर संविधान दिवस एवं आम आदमी पार्टी के स्थापना दिवस से पार्टी प्रदेश अध्यक्ष श्री पंकज सिंह जी के आह्वान पर सुरु किया गया सदस्यता अभियान पूरे मध्यप्रदेश में चलाया जा है। तथा आम जनता भी बीजेपी कांग्रेस से परेशान होकर विकल्प के रूप में आम आदमी पार्टी को देख कर आम आदमी पार्टी से जुड़ रहे है उसी कड़ी में सिवनी जिले हिनोतिया ग्राम के सैकड़ों लोगो ने आम आदमी पार्टी की रीति-नीति, विचारधारा और ईमानदार राजनीति से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता गृहण किए है।

जिला अध्यक्ष दुर्गेश विश्वकर्मा ने बताया कि हम गांव-गांव जा कर लोगों को आम आदमी पार्टी की रीति-नीति, विचारधारा एवं दिल्ली की केजरीवाल सरकार द्वारा किए जा रहे जन हितैषी कार्यो से परिचित करा रहे हैं, और लोग आम आदमी पार्टी से प्रभावित होकर जनता आम आदमी पार्टी की सदस्यता ले रहे है जनता आम



आदमी पार्टी को मध्यप्रदेश में एक विकल्प के रूप में देख रही है, मध्यप्रदेश की जनता भी दिल्ली जैसी सरकार चाहती हैं, कांग्रेस और भाजपा दोनों से सिवनी और पूरे मध्यप्रदेश की जनता त्रस्त है, क्षेत्र के लोगों का तो कहना है कि भाजपा कांग्रेस खरीद फरोख्त की राजनीति करती है पूरे मध्यप्रदेश की तरक्की, विकास और समाजिक परिवर्तन के लिए आम आदमी पार्टी हमारे लिए एक विकल्प के रूप में उभर कर सामने आई है। सदस्यता अभियान के तहत गांव-गांव जाकर लोगों को पार्टी की रीति-नीति और विचारधारा से परिचित कराया जा रहा है, एवं सदस्या दी जा रही है। जल्द ही आम आदमी पार्टी द्वारा गांव गांव में ग्राम जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसकी सुरुवाद हिनोतिया ग्राम से की गई हिनोतिया ग्राम में सदस्यता अभियान जिला संगठन मंत्री याहया आरिफ कुरैशी ,जिला उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह सनोडिया ,नगर अध्यक्ष गोविंद श्रीवास,ऋषि किशोर कुमहारे की उपस्थिति में ग्राम के सुनील सानोडिया ,प्रकाश सनोडिया ,राजकुमार सनोडिया,ग्यारसी सैयाम, अंकित यादव,राजकुमार सनोडिया ,विजेंद्र सनोडिया,रोहित बरमैया,मानसिंह सनोडिया, अशोक सनोडिया, सुशील विश्वकर्मा ,दुर्गेश विश्वकर्मा प्रवीण भारती, कमल भारती पंकज बरमैया, शिव शंकर यादव विशाल सैयाम, जितेंद्र भलावी पंकज भारती ,अंकित यादव अनिल विश्वकर्मा, राजकुमार मालवीय ,राजकुमार सनोडिया विजेंद्र सनोडिया, कमलेश सनोडिया सहित सैकड़ों लोगों ने ओम ठाकुर के नेतृत्व में ली आम आदमी पार्टी की सदस्यता ली । उक्त प्रेस विज्ञप्ति आप जिला सह मीडिया प्रभारी प्रफुल्ल बिटलर द्वारा जारी की गई ।

धान में देखीं नमी, अव्यवस्था पर लगाई फटकार

मंडला । कलेक्टर हर्षिका सिंह ने बुधवार को धान खरीद केंद्रों का औचक निरीक्षण किया और जहां कमियां पाई वहां नाराजगी जताई और केंद्र प्रभारी को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। इससे धान खरीदी करने वाले केंद्र प्रभारी अब सकते में आ गए हैं कि कहीं उनके यहां भी कलेक्टर अचानक मौके पर न पहुंच जाए। कलेक्टर हर्षिका सिंह ने ब?ी खैरी, लेंपस मंडला तथा सेमरखापा के उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। ब?ी खैरी केंद्र में निरीक्षण के दौरान वहां बनाई गई व्यवस्था से वे असंतुष्ट नजर आई। केंद्र प्रभारी से जानकारी ली और उन्हें नोटिस जारी करने कहा। वहीं सर्वेयर को निर्देश दिए कि खरीदी गई फसल की उसी दिन पोर्टल पर एंट्री भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों के निरीक्षण के दौरान धान के गुणवत्ता की जांच की। प्रभारियों से फसल की नमी का मापन कराया। साथ ही तौल कांटों की जांच करते हुए उपार्जित फसल का नाप भी करवाया।

किसानों की उपज को समर्थन मूल्य की गारंटी दी जाये: कांग्रेस

सिवनी (नव प्रदेश)। जिला कांग्रेस व पिछड़ा वर्ग विभाग द्वारा महामहिम राष्ट्रपति के नाम द्वारा जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें किसानों के हित में संसद में आवाज उठाने वाले 12 सांसदो का निलम्बन वापस लिया जाये किसान आंदोलन में शहीद किसानों के परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाये एवं किसानों की उपज को समर्थन मूल्य की गारंटी दी जाये। जिला कलेक्टर के नाम से ज्ञापन सौंपा गया जिसमें बैंनगंगा भीमगढ़ बांध में पदस्थ शासकीय कर्मचारी उमेश शर्मा द्वारा भाजपा जिला अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष नियुक्ति पर उनके निवास जाकर भाजपा संगठन में अध्यक्ष बनने पर सार्वजनिक रूप से माला पहनाकर उन्हें बधाई दी, उमेश शर्मा का यह आचरण शासकीय सेवा नियम के विरूद्ध है, इस कृत्य के लिये उमेश शर्मा पर कठोर कार्यवाही की जाये। इस अवसर पर मो. असलम खान, मोहनसिंह चंदेल, विजय नाहटा, विष्णु करोसिया, गेंदलाल भलावी, मोहनसिंह ठाकुर, गिडियन टी सिंह, अतुलचंद मालू, सुजीत नाहटा, मुकेश चीकू सक्सेना, शिव सनोडिया, रिषभ ठाकुर, ओमउपाध्याय, राकेश अग्रवाल, चंदनसिंह खताबिया, राजिक अकील, शहिद रानू, नब्बू पार्षद, मुबीन राजा, संदीप चौहान, धनंजयसिंह,मिर्जा फैजल बेग, विनोद यादव, हुकुमचंद सनोडिया, सलाम कुरैशी, शीरी अफरोज, डालचंद पुसाम, कैलाश महोबिया, शफीक बाबा, रंजीत बघेल, असफाक आशू, हसीब अंसारी, अनिल यादव उपस्थित रहें।

ऑल इंडिया वॉलीबॉल प्रतियोगिता में नागपुर की टीम रही विजेता

सिवनी (नव प्रदेश)। बरघाट विकासखण्ड के ग्राम खारी में ऑल इंडिया वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ऑल इंडिया वॉलीबॉल वर्ष 2021 प्रतियोगिता ग्राम खारी के तत्वाधान में 6 दिसंबर को आयोजित की गई। प्रतियोगिता में महाराष्ट्र व मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यो से पहुँची टीम ने वॉलीबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसमें फाइनल मैच जबलपुर एवं काटोल (नागपुर)के मध्य खेला गया जिसमें काटोल (नागपुर) की टीम विजेता रही वही जबलपुर की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रुप में युवा समाजसेवी पवन पाठक (बालाघाट) एवं विशिष्ट अतिथि युवा समाजसेवी राकेश महादेव तेकाम बरघाट अब्दुल हक भाई अमित सूर्यवंशी शमी उर रहमान सोहेब पटेल(नांदी) थरविंद्र पंचेश्वर हनुमत पंचेश्वर(भाजयुमो अध्यक्ष धारना) सुशील कश्यप राजेंद्र पंचेश्वर बाबू भाई अरुण ठाकुर पप्पी भाई रफीक भाई कमरू खान शाहेद पटेल (कन्हरगाव) सोहेल पटेल शाहिद भाई सहित क्षेत्रवासी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनज़र शहपुरा एसडीएम आईएएस काजल जावला ने ली बैठक

नवप्रदेश, शहपुरा डिण्डौरी। शहपुरा की अनुविभागीय अधिकारी / दण्डाधिकारी (राजस्व) आईएएस काजल जावला ने बुधवार की शाम तहसील कार्यालय मीटिंग हॉल में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और पत्रकारों के साथ त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर बैठक की । बैठक के दौरान एसडीएम आईएएस काजल जावला ने बताया कि 6 जनवरी को शहपुरा व मेंहदवानी विकासखंड में प्रथम चरण के दौरान चुनाव होना है। जिसके लिए आगामी 13 दिसंबर से नाम निर्देशन पत्र लिये जाएंगे। जिसमें सरपंचों व पंचों के निर्वाचन के लिए 8 क्लस्टर बनाए गए हैं। जहां पर एआरओ बैठेंगे और नाम निर्देशन फॉर्म लेंगे। साथ ही जनपद सदस्य के लिए एसडीएम कार्यालय में फॉर्म

लिये जाएंगे । संपत्ति विरूपण के तहत यात्री प्रतीक्षालय, पानी व कैरोसीन टैंकरों व अन्य जगह जहां पर भी राजनैतिक पोस्टर व अन्य सामग्रियां लगी हुई हैं। उन्हें हटाने के लिए के आवश्यक निर्देश दिए गए। चुनाव के दौरान शस्त्र लाईसेंस निरस्त कर दिये गये है। जिनके पास भी लाइसेंसी हथियार हैं वे अपने हथियार थाने में जमा करेंगे। प्रिटिंग प्रेस वाले व पेंटर भी अपनी पूरी जानकारी कार्यालय को प्रस्तुत करेंगे। पूरे जिले में आचार संहिता लगी हुई इसलिए कोई भी अधिकारी कर्मचारी बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ेगा । साथ ही यदि ऐसा होता है तो वैधानिक कार्यवाही की जाएगी । स्थानीय विधायक या सांसद आचार संहिता के दौरान शासकीय विश्राम गृहों में नहीं रूक पाएंगे। अभ्यर्थियों को रैली या सभा की अनुमति निर्वाचन अधिकारी से लेनी होगी ।बैठक के दौरान तहसीलदार अमृत लाल धुर्वे, जपं सीईओ राजीव तिवारी , महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी सतेंद्र भलावी, राजकुमार मरावी ,बलीराम साहू आरआई , ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमित कछवाहा, कांग्रेस पार्षद अशोक पाठक, भाजपा मंडल महामंत्री सुरेन्द्र साहू , मंडल उपाध्यक्ष हरीश राय, सलभ साहू , समाजसेवी रामलाल रजक , राजेश गुप्ता,मनीष साहू ,अजय शर्मा सहित सभी पत्रकार व अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे।

बनास एवं बोड्डीहा में हो रहा रेत का अवैध उत्खनन

राजस्व एवं खनिज विभाग मौन

शहडोल नवप्रदेश

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के ब्यौहारी क्षेत्र में बनास एवं बोड्डीहा में रेत का अवैध उत्खनन जोर शोर से चल रहा है,किंतु इस संबंध में ना ही राजस्व विभाग के अधिकारी ध्यान दे रहे हैं और ना ही खनिज विभाग का अमलाद्य बनास नदी सीधी एवं शहडोल जिले का बॉर्डर है और इसी का फायदा अवैध उत्खनन कर्ताओं द्वारा उठाया जा रहा हैद्य क्षेत्र के राजनीतिक संरक्षण प्राप्त लोगों द्वारा डंके की चोट पर शासकीय नियमों को धता बताते हुए सोन नदी से रेत का उत्खनन किया जा रहा हैद्य क्षेत्र से रेत की सप्लाई रीवा इलाहाबाद सहित उत्तर प्रदेश के अन्य स्थानों में हो रही हैद्य यह क्षेत्र रेत के अवैध उत्खनन के लिए हमेशा चर्चित रहा है, और चाहे किसी भी रेत कंपनी द्वारा रेत का ठेका लिया गया हो, सभी कंपनियों के द्वारा हमेशा ही सोन नदी का हनन ही किया गया हैद्य पूर्व खनिज अधिकारी फरहत जहां के स्थानांतरण के बाद ऐसा लगा था कि अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लग सकेगा लेकिन नए खनिज अधिकारी के आने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई हैद्य जन चर्चा यह है कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा जब रेत कंपनी के साथ मैनेजमेंट नहीं हो पाता है तो आंदोलन एवं शिकवा शिकायतों का दौर प्रारंभ कर दिया जाता है, लेकिन मामला सेट होने के बाद ऐसे कथित जनप्रतिनिधियों द्वारा चुप्पी साध ली जाती हैद्य कुछ माह पूर्व रेत के अवैध उत्खनन को लेकर शहडोल एवं उमरिया जिले के मध्य स्थित एक रेत खदान में विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हो चुकी है और सोशल मीडिया में भी उक्त मुद्दा काफी छाया हुआ थाद्य उक्त क्षेत्र के कथित नेता और जनप्रतिनिधि के विरोधी माने जाने वाले दादा भाई भी काफी हो हल्ला किए थेद्य आखिर क्या कारण है कि हो हल्ला शिकायत आंदोलन की चेतावनी आदि के बाद भी रेत के अवैध उत्खनन पर विराम नहीं लग पा रहा हैद्य आखिरकार कंपनी के कर्ता-धर्ताओं को किस राजनीतिक व्यक्ति का संरक्षण प्राप्त हैद्य यदि राजनीतिक संरक्षण कंपनी को नहीं प्राप्त होता तो कंपनी के कर्ताधर्ताओं की क्या मजाल की नियमों को परे रखते हुए रेत का अवैध उत्खनन कर पाते। पूर्व में कटारे तो अब जादौन द्वारा पूरा मैनेजमेंट संभाला जा रहा है* और कुछ संभागीय मुख्यालय के राजनीतिक व्यक्तियों द्वारा भी इनके साथ कदम से कदम मिलाया जा रहा हैद्य

विरोधी पक्ष की चुप्पी समझ से परे

अक्सर यह देखा जा रहा है कि रेत के अवैध उत्खनन को लेकर सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों द्वारा ही आवाज उठाई जा रही है और त्रिस्तरीय पंचायत स्तर के नेताओं द्वारा भी आवाज बुलंद की जा रही है लेकिन डेढ़ वर्ष के लिए सत्ता की मलाई खा चुके नेताओं द्वारा पूरी तरह से रेत कंपनी के कारिंदे को आजादी दे दी गई हैद्य जिस तरह से आजाद होकर कंपनी नियमों की अवहेलना कर रही है जिस पर ऐसा लगता है कि प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों का डर ही नहीं हैद्य जन चर्चा है कि पूर्व में स्थिति तो यह थी कि डंके की चोट पर नदियों में पोकलेन उतारा जा रहा था और पनडुब्बी से बालू निकाली जा रही थी।

रोड में पैदल चलना भी दूभर

रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन के कारण गांवों की सड़कों में पैदल तक चलना कठिन हो गया है, बुढ़वा से जनकपुर रोड में आलम यह है कि पैदल तक चल पाना मुश्किल है, अगर गांव के स्थानीय व्यक्ति द्वारा जब भी इस बात का विरोध किया जाता है तो दादा भाई, लालसाहब लोग मारने,पीटने विवाद करने की स्थिति में आ जाते हैं यहाँ तक फर्जी मुकदमा तक करवाते हैं, बुढ़वा की एक सीमा सतना जिले से भी लगती है जहाँ सोन नदी से भी यही हाल है, यहाँ भी दादा भाई व उनके संरक्षण प्राप्त लोग बंदूक की नोक पर ठेकेदार के साथ मिलकर अवैध उत्खनन कर रहे हैं।

ये कैसा मजाक!

खंबे-तार पहुंचे नहीं, आदिवासियों के घर पहुंच गए बिजली बिल

मध्य प्रदेश सौभाग्य योजना के नाम बिजली विभाग का बड़ा घोटाला सामने आया है। तीन-चार गांवों में बिजली के खंबे-तार नहीं पहुंचे, पर आदिवासियों को बिजली के बिल मिल रहे हैं। सरई टोला में रहने वाले जयसिंह को एक साल से बिजली बिल मिल रहे हैं। घर के आसपास बिजली के खंबे तक नहीं पहुंचे हैं।

डिण्डोरी नवप्रदेश ।- मध्य प्रदेश में सरकार आदिवासियों को खुश करने के लिए हरसंभव कदम उठा रही है। जनजातीय वर्ग के लिए कई योजनाएं शुरू की गई है। अब इन्हीं गरीब आदिवासियों के साथ छल का मामला सामने आया है। सौभाग्य योजना के नाम पर बिजली विभाग के अफसरों और ठेकेदारों ने घोटाला किया। गोपालपुर से लगे सरई टोला में आदिवासियों को बिजली के बिल मिल रहे हैं। इन लोगों को कागजों पर सौभाग्य योजना का लाभार्थी बना दिया और बिल भी पहुंचा दिए। हकीकत तो यह है कि गांव में बिजली के तार और मीटर तो क्या, खंबे तक नहीं पहुंचे हैं। यह ग्रामीण आज भी चिमनी की रोशनी में जीवनयापन कर रहे हैं। सरई टोला में रहने वाले जयसिंह को एक साल से हर महीने बिजली का बिल मिल रहा है। सितंबर 2021 का बिजली बिल 2,123 रुपये तक पहुंच चुका है। हकीकत यह है कि घर तक बिजली पहुंची ही नहीं है। जय सिंह की बेटी दीपा का कहना है कि वे लोग कैरोसीन की लालटेन के सहारे अंधेरे में गुजर-बसर कर रहे हैं। बिजली विभाग का कर्मचारी उप-सरपंच के घर उनका बिजली बिल छोड़कर जाता है। खुर्री टोला के कई ग्रामीण भी ऐसी ही शिकायत कर रहे हैं। उनका कहना है कि बिजली का कनेक्शन तो पहुंचा नहीं, हर महीने बिल जरूर भेजा जा रहा है। खुर्री टोला में रहने वाले झनक लाल नेटी का कहना है कि इस संबंध में उन्होंने संबंधित विभाग तथा जिले के जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क भी किया था, पर कोई फायदा नहीं हुआ। डिंडोरी में खुर्री टोला के कई ग्रामीणों का कहना है कि बिजली पहुंची नहीं, बिल जरूर मिल रहे हैं। तीन साल पहले तीन खंबे गाड़े और बिना तार आ गई बिजली! देवकरा गांव से लगे वनग्राम टिकरा टोला में बिजली विभाग ने तीन साल पहले तीन खंबे गाड़े थे। खंबों पर बिजली के तार नहीं टांगे है। इसके बाद भी इलाके के 25 घरों में एक साल से हर महीने बिजली बिल भेजा जा रहा है। तब भी बिजली बिल नियमित रूप से मिल रहे हैं।

बिजली अधिकारियों ने दिलाया भरोसा- जल्द करेंगे निराकरण

इलाके के कार्यपालन अभियंता एसडी सिंह ने कहा कि सौभाग्य योजना के तहत ग्रामीणों को बिजली कनेक्शन देना था। कागजों में इन्हें लाभार्थी बना दिया, जिनका जल्द ही निराकरण जल्द कर दिया जाएगा।

डिंडौरी में 9 करोड़ रुपये का घोटाला

आदिवासी बहुल डिंडौरी जिले में सौभाग्य योजना के नाम पर बिजली विभाग के अफसरों ने ठेकेदारों के साथ मिलकर करीब 9 करोड़ रुपये का घोटाला किया था। दो साल पहले यह मामला सामने आया था। तब सूबे में कमलनाथ के नेतृत्व में

न्यूज अपडेट

प्रभारी मंत्री ने जिलेवासियों से कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन करने की की अपील

अनूपपुर मध्यप्रदेश शासन की जनजाति कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री तथा जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री मीना सिंह ने आज जिले के प्रवास के दौरान कोरोना की संभावित तीसरी लहर को देखते हुए जिले वासियों से कोविड टीकाकरण केन्द्रों में जाकर कोविड टीकाकरण अनिवार्यतः कराने की अपील की है। उन्होने कहा है कि स्वास्थ्य सुरक्षा कवच के लिए कोविड टीकाकरण बहुत जरूरी है। प्रभारी मंत्री सुश्री मीना सिंह ने कहा है कि कोविड टीका के दोनो डोज समय पर लेने की अपील की है। उन्होंने जिलेवासियों से कोविड का दोनो टीका लगवाने और कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन करने की अपील करते हुए सभी से मास्क लगाने, सोषल डिस्टेसिंग का पालन करने, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर न जाने व हाथों को सेनेटाईज करने या साबुन से बार-बार हाथ धोने को दिनचर्या में शामिल करने की अपील की है।

सालों से बंद पड़ा नल जल योजना

अनूपपुर नवप्रदेश। जनपद पंचायत जैतहरी के अंतर्गत ग्राम पंचायत मेडियारास एवं देवहरा में नल जल योजना बंद पड़ा है किंतु इस ओर नाही जनप्रतिनिधियों द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और ना ही अधिकारियों द्वारा उक्त दोनों ग्राम पंचायत ब्लाक की ग्राम पंचायत हजारों ग्रामीणों को निर्भर होना पड़ता है लेकिन योजना बंद होने के कारण ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए दर-दर भटकने को मजबूर होना पड़ रहा है ग्रामीणों द्वारा अनेकों बार अधिकारियों एवं कर्मचारियों से नल जल योजना के संबंध में ध्यान आकृष्ट कराया गया किंतु स्थिति जस की तस बनी हुई है और ग्रामीण जन पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं।

अधिवक्ता संघ शहडोल के सभागार में दी गई सेना इन चीफ को श्रद्धांजलि

शहडोल।

जिला अधिवक्ता संघ शहडोल के सभागार में आज गुरुवार को जिला प्रधान न्यायाधीश वीरेंद्र प्रताप सिंह की विशेष उपस्थित में भारत के सपूत तीनों सेनाओं के प्रमुख शहीद विपिन रावत, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मधूलिका रावत व उनके साथ शहीद जवानों के प्रति श्रद्धांजलि कार्यक्रम दोपहर 2ः00 बजे आयोजित किया गया। जिला अधिवक्ता संघ शहडोल के अध्यक्ष राकेश सिंह बघेल ने बताया कि शहीद सीडीएस श्री रावत सोहागपुर रियासत के दामाद थे।वरिष्ठ अधिवक्ता हर्षवर्धन सिंह की छोटी वहन से उनका विवाह हुआ था। असमय निधन को उन्होने देश के लिए अपूरणीय क्षति बताया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता व सोहागपुर रियासत के राज पुरोहित सुनील द्विवेदी द्वारा विस्तार से शहीद श्री रावत व मधूलिका की शादी के बारे में तथा सोहागपुर रियासत के विषय में प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात सभी न्यायाधीशगण व अधिवक्ताओं द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर शहीदों के प्रति अपनी सच्ची विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष आर एन तिवारी एडवोकेट द्वारा किया गया। श्रद्धांजलि कार्य क्रम में जिला प्रधान सत्र न्यायाधीश श्री वीरेंद्र प्रताप सिंह,विशेष न्यायाधीश श्री बी एल प्रजापति प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश श्रीआमोद आर्य द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश श्री संदीप सोनी कुटुंब न्यायाधीश सुश्री प्रतिभा आठवाले मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी श्री जितेंद्र नारायण सिंह न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी साक्षी प्रसाद तथा संघ के सचिव सतीश पाठक के साथ बडी संख्या में वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे ।

पंचायत चुनाव को सुव्यवस्थित संपन्न कराने दिया गया, रिटर्निंग आफिसर एवं सहायक रिटर्निंग आफिसर को प्रशिक्षण

अनूपपुर नवप्रदेश

त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2021-22 हेतु रिटर्निंग आफिसर एवं सहायक रिटर्निंग आफिसर का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) सुश्री सोनिया मीना तथा अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्री सरोधन सिंह की उपस्थिति में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में एसडीएम पुष्पराजगढ़ एवं कोतमा श्री अभिषेक चौधरी, एसडीएम अनूपपुर श्री कमलेश पुरी,

एसडीएम जैतहरी श्री विजय डेहरिया सहित तहसीलदार व रिटर्निंग ऑफीसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफीसरगण उपस्थित थे। मास्टर ट्रेनर्स अजय कुमार जैन, अजय सिंह चौहान एवं डॉ. कौषलेन्द्र सिंह द्वारा चुनावी बारीकियों एवं आयोग से प्राप्त दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। चुनावी तैयारियों एवं प्रक्रियाओं के संबंध में विभिन्न प्रकार के पत्रकों, चुनावी सामग्री, मतदान के दौरान रखी जाने वाली सावधानियाँ इत्यादि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि पंच एवं सरपंच पद का निर्वाचन मतपत्र से एवं जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य का निर्वाचन ईव्हीएम के माध्यम से होगा ।

अंगद की तरह पैर जमाए उप संचालक कृषि को भारमुक्त करने अवर सचिव ने कलेक्टर को लिखा पत्र दो बार तबादला आदेश जारी होने के बाद भी जिले से नहीं हिल रहे प्राचार्य व प्रभारी उप संचालक कृषि के पद पर डटे अश्वनी झरिया

महिलाकर्मी से बदसलूकी, और बिना निविदा के लाखों रुपए के प्रचार प्रसार कार्य कराने के आरोप के बाद भी नहीं हुई कोई कार्यवाही

डिंडोरी नवप्रदेश

जिले में अजीबोगरीब शासकीय एवं प्रशासकीय कार्यप्रणाली लोगों को अचरज में जरूर डाल देती है। जिले में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी यहां आमजन और नेताओं की आंखो में तो धूल झो कते ही है साथ ही अंगद की तरह पैर जमाए शासन के आदेश को ठेंगा दिखाने से भी बाज नहीं आते। जिले में पदस्थ शासकीय अधिकारी मोहवश अथवा लालच के चलते जिले से जाना ही नहीं चाहते यह विचारणीय है जबकि समान पद और समान वेतन पर ही शासन उनका तबादला करती है। ऐसा ही एक मामला कृषि विभाग के सहायक संचालक अश्वनी झरिया का है जिनका शासन द्वारा दो बार तबादला किए जाने के बाद भी जिले में प्रभारी उप संचालक कृषि और प्राचार्य कृषि प्रशिक्षण केंद्र अश्वनी झरिया शासन के आदेश को ठेंगा दिखाकर जिले में ही डटे हुए है। इसके चलते अवर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, भोपाल द्वारा जिला कलेक्टर को सहायक संचालक अश्वनी झरिया को कार्यमुक्त करने पत्र लिखना पड़ा। अब आगे देखना है कि सहायक संचालक कार्यमुक्त होते है या फिर अधिकारियों के संरक्षण और तिकड़मबाजी के चलते वे डिंडोरी में ही जमे रहेंगे। यहां बड़ा सवाल जरूर है कि

अश्वनी झरिया शासन के दो दो बार तबादला किए जाने के बाद भी आखिर डिंडोरी छोड़ना क्यों नहीं चाहते? उन्हें जिले कि सेवा का जुनून सवार है या और कोई लालच जिसके चलते वे अपने ही विभाग के आदेशों की लगातार अवहेलना कर रहे है और अब स्थितियां यहां तक बन गई कि भोपाल से अवर सचिव स्तर के अधिकारी को इन्हे कार्यमुक्त किए जाने के लिए पत्र लिखना पड़ा। उक्त अधिकारी द्वारा विभाग की महिलाकर्मी को प्रताड़ित करने, बिना निविदा लाखों के प्रचार प्रसार कार्य का ठेका दिए जाने सहित कार्यालय में मनमानी कार्यप्रणाली अपनाए जाने और अधीनस्थ अमले को परेशान किए जाने के आरोप लगते रहे है। हैरानी की बात यह भी है कि तमाम आरोप और विभाग में गड़बड़ियों के बाद भी इन जनाब के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

क्या होगा आगे??

जिले में वर्षों से डटे उक्त अधिकारी का दो बार तबादला किए जाने और अब जिला कलेक्टर को विभाग द्वारा भारमुक्त किए जाने हेतु पत्र लिखे जाने के बाद यदि यह मान लिया जावे की उक्त आधिकारी शासन के आदेश का पालन करते हुए अब जिले को अपने भार से मुक्त ही कर देगे तो यह सही नहीं है। डिंडोरी में डटे रहने के लिए अभी साहब कुछ पैतरे और भी आजमा सकते है। जिले की सेवा के लिए इस अद्वितीय समर्पण और संकल्प के चलते शासन के आदेशों की लगातार अवहेलना करने वाले उक्त अधिकारी के डिंडोरी प्रेम को लेकर कई तरह की चर्चाएं है। वहीं विभाग के ही एक कर्मचारी की दिल्ली हवाई यात्रा भी शोशल मीडिया पर वायरल हो रहे चित्रों के चलते इन दिनों चर्चा में है। कृषि विभाग के कार्यों और प्रयासों से जिले की कृषि और किसानों का कितना विकास हुआ यह तो खंगालना पड़ेगा, आंकड़े जुटाने काफी मशक्कत करनी होगी पर विभाग के कर्मियों के हवा में उड़ने वाले चित्र विभागीय अमले के सतत विकास की कहानी जरूर कह रहे है।

कारोबारियों पर पुलिस नहीं कस पा रहे शिकंजा

अमलाई क्षेत्र में गांजा एवं शराब का कारोबार चरम पर

शहडोल नवप्रदेश

जिला मुख्यालय से तकरीबन 35 किलोमीटर दूर अमलाई स्थित थाना क्षेत्र अंतर्गत कालोनियों एवं मोहल्लों में गांजा एवं शराब का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है किंतु अमलाई पुलिस इन कारोबारियों पर कोई कार्यवाही नहीं कर पा रही है बल्कि पुलिस की कारोबारियों से अच्छी सांठगांठ की चर्चा हैद्य कभी कबार दिखावे के तौर पर कार्यवाही करके खूब वाहवाही लूटते हैं दीपावली के आसपास जुआ पर कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा खूब वाहवाही लूटी गई लेकिन क्षेत्र के अंतर्गत अवैध शराब के साथ-साथ गांजा का कारोबार तेजी से पनप रहा हैद्य और क्षेत्र में कई स्थानों पर फुटकर रूप में गांजे की बिक्री की जा रही है साथ ही लाइसेंसी दुकान की आड़ में शराब ठेकेदार द्वारा गली-गली शराब बिक वाई जा रही हैअमलाई क्षेत्र में 5 लाइसेंसी दुकान है लेकिन लाइसेंसी ठेकेदार द्वारा दुकान की आड़ में कई स्थानों पर अवैध रूप से शराब की बिक्री कराई जा रही हैद्य गली-गली शराब बिकने के कारण प्रतिदिन झगड़ा फसाद एवं मारपीट की स्थिति भी उत्पन्न हो रही है आमजन इस कारोबार को लेकर काफी परेशान हैंअमलाई थाना अंतर्गत कबाड़ के ठीक है भी संचालित किए जा रहे हैं।जहां चोरी के सामान की खरीदी हो रही है लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा ऐसे कबाड़ दुकानों पर कभी भी छापामार कार्यवाही नहीं की जाती है सूत्र बताते हैं कि शराब के अवैध कारोबारियों से पुलिस प्रशासन की सांठगांठ भी है

अमलाई थाना क्षेत्र शहडोल जिले का अंतिम थाना क्षेत्र है और यहीं से अनूपपुर जिले की सीमा भी प्रारंभ हो जाती हैअमलाई थाना क्षेत्र में भले ही थाना प्रभारी नए हैं लेकिन स्टाफ तो सभी पुराना है और उन्हें हर चिन्हित क्षेत्र की जानकारी भी है।

तो क्या खनिज अधिकारी एवं पुलिस प्रशासन की मिलीभगत से

केजी डेवलपर्स को पूरे अनूपपुर जिले में अवैध उत्खनन का अभय दान

अनूपपुर नवप्रदेश / महबूब खान

अनूपपुर जिला अंतर्गत इस समय केजी डेवलपर्स ने अपने गुर्गों के माध्यम से पूरे जिले में अवैध उत्खनन चरम सीमा पर है और खनिज विभाग एवं पुलिस प्रशासन को चंद सिक्कों की खनक की चक्कर में अवैध उत्खनन 10 कदम की दूरी पर खनिज विभाग को नहीं दिख रहा है कभी सत्ता पक्ष शिकायत करती है तो कभी विपक्ष परंतु प्रशासन एवं खनिज विभाग को इतने चांदी के सिक्के की भूख है कि वह कुंभकरण की नींद सो रहे और महीने के लास्ट में यदि चांदी के सिक्के की खनक खनिज तक नहीं सुनाई दी तो फिर कुंभकरण की नींद से उठ कर छोटी मोटी कार्यवाही करके अवैध उत्खनन कार्य पर अपना दबाव बनाते हुए महीने का सिक्कों का नजराना प्राप्त कर लेते हैं तभी तो चंदेल नामक व्यक्ति पर 28 करोड़ 70 लाख 30 हजार रुपए का राजस्व बकाया है बावजूद इसके पेटी कांट्रेक्टर के माध्यम से चांदी काट रहा है परंतु सरकार को चूना लगाने में माहिर नजर आ रहे बात करें कोतमा की तो मनीष गोयनका उर्फ नानू गोयनका नामक व्यक्ति अपना रेत का अवैध कारोबार फैला कर रखा है कहा जाता है मनीष गोयनका खाद्यान्न मंत्री के करीबी कहे जाते हैं अब देखना यह है खनिज विभाग अवैध उत्खनन कार्य पर कार्यवाही करती है या फिर चंद सिक्कों के चक्कर में अवैध उत्खनन कार्य चंदेल एवं गोयनका अभयदान देती है

प्रशासनिक मूकदर्शिता से बनता जा रहा है अपराधों का गढ़

शराब कारोबारी के गिरफ्त में समाया कोयलांचल

शहडोल नवप्रदेश

कोयलांचल नगरी बुढार और धनपुरी सहित आस पास के ग्रामीण अंचलों में इन दिनों अवैध रूप से नशे की बिक्री जोरों पर जारी है। नगर में संचालित शराब दुकान के ठेकेदार द्वारा गुर्गों के माध्यम से जहां जगह-जगह अवैध पैकारी करायी जा रही है, वहीं नगर में संचालित ढाबे व अहातों में भी देर रात तक सुरा के शौकीनों का जमावडा लगा रहता है। जिस पर अंकुश लगाने में विभागीय अमला नाकाम एवं कार्यवाही में नाकारा साबित हो रहे हैं। जिस वजह से शराब ठेकेदार के ना सिर्फ हौसले बुलंद है, बल्कि उसने अवैध रूप से शराब बेंचने के कयी ठिकाने भी बना लिऐ हैं। भिन्न-भिन्न स्थानों पर लोगों को शराब आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं, जिले के पुलिस अधीक्षक भी भिन्न-भिन्न अवैध कारोबारों पर अंकुश लगाने में ऐंडी-चोंटी का जोर तो लगा रहे हैं, लेकिन बीते कुछ समय से अवैध शराब बिक्री पर कार्यवाई कि दिशा में कोई सार्थक कदम नही उठा रहे। वजह जो भी हो लेकिन जिम्मेदारियों से इति-श्री करना कर्तव्य परायणता के बिल्कुल अनुरूप है। इनके नैतिक दायित्वों से मुंह मोड़ने के कारण ही समूचा कोयलांचल क्षेत्र नशे के गिरफ्त में आ चुका है, और युवा

सहित बुजुर्ग शराब के नशे में खुद को झोंकते जा रहे हैं। ऐसे में अनुमान लगाना जरा भी मुस्किल नही है, कि शराब के आदी हो चुके इन नौजवानों का भविष्य क्या होगा।

शराब के नशे में हो चुकी है कयी हत्याऐं फिर भी बिक रही है धड़ल्ले से-

किसी भी अपराध को अंजाम तक पहुंचाने में शराब का महत्वपूर्ण योगदान होता है, इसी वर्ष के भिन्न-भिन्न माहों पर नजर डालें तो पता चलता है कि थाना क्षेत्र बिजुरी में जितनी भी हत्याऐं हुयी है, या फिर हत्या का प्रयास किया गया है उन सब में मुख्य वजह शराब ही रहा है, क्योंकि लगभग सभी जघन्य वारदातों में आरोपियों ने शराब का सेवन करने के बाद ही कारनामों को अंजाम दिया है। बावजूद इसके थाना क्षेत्र में जगह-जगह बेरोक-टोक धड़ल्ले से अवैध शराबों का बिकना प्रशासनिक जिम्मेदारों कि कार्यशैली पर गम्भीर प्रश्नचिन्ह निहीत करता है। शराब के सेवन से ही तरह-तरह के अपराध पनप रहे हैं, और नौजवानों का भविष्य अंधकार कि ओर समाता जा रहा है, आये दिन द्वेष, कलह, हत्या, हत्या का प्रयास जैसे संगीन अपराधों का ग्राफ थाना क्षेत्र बिजुरी जैसे छोटे कस्बे में जिस तेजी से बढ़ते जा रहा हैं। ऐसे में अनुमान लगाना जरा भी मुस्किल नही है कि मुख्य रूप कोयला उत्पादन के लिऐ जाना जाने वाला यह कोयलांचल नगरी बुढार और धनपुरी आगामी समय में अपराधों का गढ़ बनकर रह जाऐगा।

संपादकीय

सांसदों को पीएम मोदी की नसीहत

भाजपा संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी पार्टी के सांसदों को नसीहत दी है कि वे संसद में पूरे समय उपस्थित रहे अन्यथा परिवर्तन तो होना है। पीएम मोदी की इस नसीहत से स्पष्ट है कि भाजपा के कई सांसद भी संसद की बैठकों में गंभीरता से नहीं ले रहे है। यही वजह है कि पीएम मोदी को यह तल्ख टिप्पणी करनी पड़ी है। दरअसल संसद की बैठकों में भाजपा ही नहीं बल्कि अन्य दलों के सांसद भी उतनी दिलचस्पी नहीं लेते। खासतौर पर उस समय जब संसद में सिर्फ हंगामा ही होता है तो कई माननीय ऐसे अवसर पर नदारद रहते है। संसद के शीतकालीन सत्र में भी अब तक काम कम हुआ है और हंगामा ज्यादा हो रहा है। विपक्ष के 12 सांसदों के निलंबन के खिलाफ राज्यसभा की कार्यवाही लगातार बाधित हो रही है और राज्यसभा के निलंबित सभी 12 सांसद संसद परिसर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने प्रदर्शन कर रहे है। उनके इस प्रदर्शन का समर्थन करने वाले विपक्षी सांसद भी वहां पहुंच रहे है, नतीजतन राज्यसभा में लगातार कार्यवाही बाधित हो रही है। लोकसभा में जरूर काम काज हो रहा है लेकिन वहां भी अधिकांश समय हंगामों की भेंट चढ़ रहा है। संसद के शीकालीन सत्र को पीएम मोदी ने महत्वपूर्ण बताया था और सभी सांसदों से इस सत्र में योगदान देने की अपील की थी। कई महत्वपूर्ण विधेयक इस सत्र में आने है लेकिन जिस तरह संसद के दोनों सदनों में हंगामा चल रहा है उसे देखते हुए इन विधेयकों इस सत्र में पारित हो पाना मुश्किल नजर आ रहा है। बहरहाल पीएम मोदी की नसीहत के बाद कम से कम भाजपा के सांसद तो संसद में पूरे समय उपस्थित रहेंगे ऐसी उम्मीद की जानी चाहिए। अन्य राजनीतिक दलों को भी चाहिए कि वे भी अपने सांसदों के लिए इसी तरह की नसीहत जारी करें ताकि संसद में सभी सांसद उपस्थित हो और जनहित से जुड़े मुद्दों पर पक्ष और विपक्ष के बीच सार्थक चर्चा हो।

विचार

अमेरिका में हमारी कामयाबी का राज

अमेरिकियों की निगाह में भारतवंशियों का लहजा अनूठा है, वे मसालेदार खाना खाते हैं और अजीब पोशाक पहनते हैं। अमेरिका की कुल आबादी में महज 1.2 प्रतिशत हिस्सा भारतवंशी अमेरिकियों का है। फिर भी, आप उनको प्रमुख कंपनियों के शीर्ष पदों पर देखेंगे; अमेरिका के प्रतिष्ठित कॉलेजों के प्रेसिडेंट और डीन बने नजर आएंगे; पत्रकारिता के शिखर पर होंगे; तकनीकी, वैज्ञानिक अनुसंधान व चिकित्सा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को संभालेंगे, और आतिथ्य, परिवहन व रियल एस्टेट जैसे उद्योगों में फलते-फूलते दिखेंगे। आखिर कैसे? इसका जवाब आसान है, जैसा कि ड्यूक और हॉवर्ड यूनिवर्सिटी के मेरे शोध से पता चला है। दरअसल, भारतीयों का जो समूह विशेषकर 1970 और 1980 के दशकों के आर्थिक संकट के दौरान अमेरिका आया था, वह अत्यधिक शिक्षित व उद्यमशील था। अमेरिकी जनगणना ब्यूरो के मुताबिक, 25 या इससे अधिक आयु के 76 फीसदी भारतीय अप्रवासियों के पास स्नातक या उच्चतर डिग्री है, और वे अंग्रेजी में भी दक्ष हैं। हालांकि, कुछ गरीब परिवारों से भी यहां आते हैं, लेकिन अमेरिका आने वाले अधिकांश भारतीय मध्यम या उच्च वर्ग के हैं। अमेरिकी विश्वविद्यालयों में दाखिले की अर्हता रखने वाले छात्र सर्वश्रेष्ठ होते हैं। अमेरिकी कंपनियां जिन कर्मचारियों को नियुक्त करती हैं, वे अत्यधिक कुशल होते हैं। केवल जोखिम लेने के उत्साही ही अपने मित्रों और परिवार को छोड़कर विदेशी जमीन पर सफलता हासिल करने के लिए उड़ान भरते हैं। वे नैसर्गिक उद्यमी होते हैं। तकनीकी उद्योग वह क्षेत्र है, जहां वाकई भारतीय सबसे अलग हैं। मैं भी एक अप्रवासी भारतीय हूं, जिसने दो प्रौद्योगिकी कंपनियों की शुरुआत की। मेरा शोध कहता है कि मुझ जैसे भारतीयों ने सिलिकॉन वैली की 15.5 फीसदी प्रौद्योगिकी कंपनियों की स्थापना की है, जबकि वे सिलिकॉन वैली की कामकाजी आबादी का महज छह प्रतिशत हिस्सा थे। अप्रवासी भारतीय दुनिया के सबसे नवोन्मेषी तकनीकी कर्मचारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े थे और उद्यमिता में उनको जोरदार टक्कर दे रहे थे। भारतीयों ने कुछ ऐसा भी किया है, जो उन्होंने अपने देश में नहीं किया। वे धर्म, जाति या जन्मस्थान की परवाह किए बिना यहां एक-दूसरे की मदद करते हैं। शुरुआती दिनों में सफलता पाने वाले कुछ लोगों ने उन मुश्किलों की खुलेआम चर्चा की, जिनका उन्हें सामना करना पड़ा था। वे इससे सहमत थे कि अपने समुदाय के उत्थान और उनमें उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए नई पीढ़ी के उद्यमियों का मार्गदर्शन करना आवश्यक है। उन्हें कारोबार शुरू करने के बारे में सिखाने के लिए उन्होंने नेटवर्किंग संगठनों का गठन किया व व्यवसाय खड़ा करने के लिए शुरुआती पैसे दिए। हालांकि, इस मिथक पर विश्वास न करें कि आईआईटी वाले सिलिकॉन वैली पर राज करते हैं। मेरी शोध टीम ने पाया है कि तकनीकी और इंजीनियरिंग कंपनी शुरू करने वाले भारतीय अप्रवासियों में महज 15 फीसदी आईआईटी से ग्रेजुएट थे। सिलिकॉन वैली की कंपनियों के संस्थापकों में दिल्ली यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएट उद्यमियों की संख्या आईआईटी (दिल्ली) से दोगुनी थी। उस्मानिया और बॉम्बे यूनिवर्सिटी, दोनों ने तो लगभग सभी अन्य आईआईटी को पीछे छोड़ दिया है। मगर सवाल यह है कि माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम, गूगल, एडोब और अब ट्विटर जैसी प्रौद्योगिकी कंपनियों के बोर्ड अमेरिकी मूल के समान रूप से योग्य इंजीनियरों की तुलना में भारत में जन्मे इंजीनियरों को क्यों तवज्जो देते हैं?

ओमिक्रॉन, तीसरी लहर और बूस्टर डोज

तारकेश्वर मिश्र

देश में जिन्होंने कोरोना टीके की कोई भी खुराक नहीं ली है, उनकी संख्या 15 करोड़ है। टीकाकरण के मौजूदा चरण में वयस्क आबादी के लिए करीब 63 करोड़ खुराक की जरूरत है। राज्यों के पास भी करीब 22 करोड़ खुराक रखी हैं। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने संसद को बताया है कि सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया और भारत बायोटेक करीब 30 करोड़ खुराकें प्रति माह उत्पादित कर लेते हैं। सीरम के सीईओ अदर पूनावाला ने भी पुष्टि की है कि टीकों का उत्पादन 35 फीसदी बढ़ा है। विशेषज्ञ मानते हैं कि जिन्होंने 6 महीने पहले टीके की दूसरी खुराक ले ली है, अब उन्हें 'बूस्टर डोज' दी जा सकती है। ऐसे लोगों का आंकड़ा 4.50 करोड़ के आसपास है। 'बूस्टर डोज' का प्रयोग अमरीका और ब्रिटेन सरीखे देशों में शुरू किया जा चुका है। वहां जांच और शोध के निष्कर्ष हैं कि विभिन्न टीकों को मिलाकर बनाई जाने वाली बूस्टर डोज काफी असरदार साबित हो सकती है। केंद्रीय मंत्री ने फिलहाल विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों के अंतिम निर्णय और सलाह पर इस मुद्दे को छोड़ दिया है।

भारत में कोरोना वायरस के नए स्वरूप 'ओमिक्रॉन' के केस सामने आने लगे हैं। यह प्रभाव तीसरी लहर में भी बदल सकता है। जनवरी, 2022 के आखिर या फरवरी की शुरुआत में तीसरी लहर को महसूस किया जा सकता है। अलबत्ता इसके दूसरी लहर की तरह घातक और जानलेवा होने के आसार नहीं हैं। संक्रमण जरूर फैल सकता है और संभावित तीसरी लहर के 'पीक' के दौरान एक-डेढ़ लाख मामले भी हररोज सामने आ सकते हैं, लेकिन मृत्यु-दर सामान्य ही रहेगी। यह आकलन कानपुर आईआईटी के वरिष्ठ वैज्ञानिक पद्मश्री प्रोफेसर मणींद्र अग्रवाल का है। उन्होंने गणितीय मॉडल सूत्र के आधार पर यह आकलन किया है। दूसरी लहर में भी प्रोफेसर अग्रवाल के आकलन एक हद तक सटीक साबित हुए थे। हालांकि भारत में नए वेरिएंट 'ओमिक्रॉन' का असर बेहद सीमित है। विदेशों से आने वाले यात्रियों के जरिए ही इसके कुछ केस भारत में देखे गए हैं। कर्नाटक में जो 46 वर्षीय स्वास्थ्यकर्मी संक्रमित पाया गया था, वह अब पूरी तरह स्वस्थ है। उन्हें सांस लेने में कोई कठिनाई या अन्य खतरनाक लक्षण आए ही नहीं। वह आज बैडमिंटन खेल रहे हैं।

देश में 'ओमिक्रॉन' के बीस से ज्यादा संक्रमित मामले समाने आ चुके हैं। मई '21 में दूसरी लहर के 'पीक' के बाद संक्रमण के आंकड़े लगातार घटते रहे हैं। बीते कई सप्ताह से तो संक्रमित मामलों की संख्या 10,000 से कम रही है। फिलहाल यह बेहद सामान्य स्थिति है। हालांकि लद्दाख, उप्र, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, मणिपुर, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी, केरल आदि राज्यों और संघशासित क्षेत्रों के 18 जिलों में संक्रमण कुछ बढ़ता दिखाई दिया है, लिहाजा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने उन्हें चेतावनी-पत्र लिखा है और दिशा-निर्देशों का पालन करने को आदेश दिया है। केरल अब भी नाजुक संकट बना हुआ है। संक्रमण के 50 फीसदी से ज्यादा मामले केरल से ही आ रहे हैं। इन तमाम परिस्थितियों के मद्देनजर सॉर्स-कोव-2 जीनोमिक्स कन्सोर्टियम (इन्साकॉग) के शीर्ष वैज्ञानिकों ने भारत सरकार से अनुशंसा की है कि भारत में भी 40 साल की उम्र से ऊपर वालों को 'बूस्टर डोज' देने की शुरुआत की जाए। बेशक देश में कोरोना टीके की दूसरी खुराक करीब 47 करोड़, यानी 36 फीसदी से कुछ ज्यादा आबादी को, दी गई है।

केंद्र सरकार और स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से वैक्सीन के लिए पात्र लोगों से दोनों डोज लगवाने की अपील की जा रही है। वहीं कोरोना के बढ़ते खतरे को देखते हुए इसके बूस्टर डोज की भी चर्चा होने लगी है। अक्टूबर में हेल्थ जर्नल लैंसेट (स्दबमज) में आई एक स्टडी में बताया गया था कि फिलहाल बूस्टर डोज की जरूरत नहीं है। लेकिन एक्सपर्ट्स का ये भी कहना था कि अगर कोरोना का कोई नया खतरनाक स्ट्रेन सामने आता है तो नई डोज की जरूरत पड़ सकती है।

बहरहाल, बूस्टर डोज को लेकर लोगों के मन में कई तरह के सवाल हैं। उनमें से एक अहम सवाल वैक्सीन चेंज करने को लेकर भी है। जैसे अगर आपने कोवैक्सीन या

ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, इजरायल समेत दुनिया के करीब 30 से ज्यादा देश अपने यहां बूस्टर डोज लगाना शुरू कर चुके हैं। अपने देश की बात करें तो यहां कोविड वैक्सीन की बूस्टर डोज को लेकर सरकार जल्द ही एक नीति का ऐलान कर सकती है। पिछले दिनों नेशनल टास्क फोर्स के एक वरिष्ठ सदस्य ने कहा था कि सरकार की प्राथमिकता सबसे पहले वयस्क टीकाकरण कार्यक्रम को पूरा करने की होगी। इसको लेकर बना राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह बूस्टर डोज संबंधित नीति को अंतिम रूप देगा। टास्क फोर्स के सदस्य के मुताबिक, आने वाले दिनों में एक विस्तृत नीति आने वाली है। हालांकि पॉलिसी भले ही तैयार हो रही हो, लेकिन फिलहाल सरकार का फोकस इस बात पर रहेगा कि 31 दिसंबर तक सभी वयस्क लाभार्थियों को कम से कम पहली डोज लग जाए।

कोविशील्ड या स्पूतनिक लगवा रखी है और आपकी दोनों डोज पूरी हो चुकी हैं ऐसे में क्या दूसरी कंपनी की बूस्टर डोज ली जा सकती है? क्या कोवैक्सीन की दोनों डोज लेने वाला कोविशील्ड की बूस्टर डोज ले सकता है? या कोविशील्ड वाला कोवैक्सीन की बूस्टर डोज ले सकता है?

वयस्क आबादी को दूसरी खुराक के साथ-साथ 'बूस्टर डोज' भी दी जा सकती है, क्योंकि टीकों का भंडार और उत्पादन पर्याप्त संख्या में जारी है। यह डोज इसलिए देना जरूरी हो गया है, ताकि 'ओमिक्रॉन' के खिलाफ ज्यादा से ज्यादा लोगों में एंटीबॉडी बन सकें। डॉ. नरेश त्रेहन सरीखे विशेषज्ञ डॉक्टरों ने भी 'बूस्टर डोज' लगाने का आग्रह किया है। कई डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी ऐसे हैं, जिन्हें फरवरी-मार्च, '21 में ही दोनों खुराकें दी जा चुकी थीं। उनमें या तो एंटीबॉडी समापन के दौर में हैं अथवा इम्युनिटी का संकट हो सकता है। चूंकि कोरोना-काल में ये वर्ग अग्रिम मोर्चे पर योद्धा की तरह लड़ते रहे हैं, लिहाजा उन्हें 'बूस्टर डोज' के जरिए सुरक्षा-कवच प्रदान करना अपरिहार्य है।

ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, इजरायल समेत दुनिया के करीब 30 से ज्यादा देश अपने यहां बूस्टर डोज लगाना शुरू कर चुके हैं। अपने देश की बात करें तो यहां कोविड वैक्सीन की बूस्टर डोज को लेकर सरकार जल्द ही एक नीति का ऐलान कर सकती है। पिछले दिनों नेशनल टास्क फोर्स के एक वरिष्ठ सदस्य ने कहा था कि सरकार की प्राथमिकता सबसे पहले वयस्क टीकाकरण कार्यक्रम को पूरा करने की होगी। इसको लेकर बना राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह बूस्टर डोज संबंधित नीति को अंतिम रूप देगा। टास्क फोर्स के सदस्य के मुताबिक, आने वाले दिनों में एक विस्तृत नीति आने वाली है। हालांकि पॉलिसी भले ही तैयार हो रही हो, लेकिन फिलहाल सरकार का फोकस इस बात पर रहेगा कि 31 दिसंबर तक सभी वयस्क लाभार्थियों को कम से कम पहली डोज लग जाए।

किसी भी देश में बूस्टर डोज के लिए सबसे जरूरी है कि टीके का पर्याप्त स्टॉक होना चाहिए। भारत में यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि फिलहाल सभी पात्र व्यस्कों के लिए टीकाकरण अभियान जारी है। बूस्टर डोज के चक्कर में यह अभियान प्रभावित नहीं हो, इसका ध्यान रखना जरूरी है। बहरहाल देश की अग्रणी वैक्सीन निर्माता कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफइंडिया ने बूस्टर डोज के लिए सरकार से अनुमति मांगी है।

सीरम ने ड्रग रेग्यूलेटर से कोविशील्ड को बूस्टर डोज के तौर पर मंजूरी देने का अनुरोध किया है। कंपनी का कहना है कि देश में टीके का पर्याप्त भंडार है और संक्रमण के नए स्वरूप को देखते हुए बूस्टर खुराक की जरूरत है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, भारतीय औषधि नियामक को भेजी एक अर्जी में सीरम इंडिया में नियामक मामलों के निदेशक प्रकाश कुमार सिंह ने ब्रिटेन में बूस्टर डोज को अनुमति दिए जाने का हवाला देते हुए आग्रह किया है।

चार्जिंग स्टेशन बनने दो फिर दौड़ेंगी बिजली की कारें

नरविजय यादव

इलेक्ट्रिक वाहनों के मामले में देश की बड़ी कार कंपनियां भी सक्रिय हो रही हैं। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड का कहना है कि फिलहाल देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग बहुत कम है। पेट्रोल-डीजल वाहनों से इलेक्ट्रिक वाहनों की तरफआने में लोगों को अभी समय लगेगा। दोनों तरह की गाड़ियों के दाम जब बराबर हो जायेंगे तब लोग इलेक्ट्रिक गाड़ियों की ओर बढ़ेंगे। मारुति सुजुकी ने इस दिशा में काम शुरू कर दिया है और उसकी पहली इलेक्ट्रिक कार अगले तीन-चार साल में बाजार में आ जायेगी। बिजली से चलने वाली कारों को लेकर टाटा मोटर्स भारत में सबसे आगे है। कंपनी अपनी इस पोजीशन को बरकरार रखने के लिए अगले पांच वर्षों में करीब दस नये इलेक्ट्रिक वाहन लाने की योजना बना चुकी है।

भविष्य इलेक्ट्रिक वाहनों का है। लेकिन अभी ये वैसे लोकप्रिय नहीं हैं जैसे पेट्रोल या डीजल के वाहन होते हैं। इस मामले में दो प्रमुख बाधाएं हैं। एक तो बिजली चालित वाहनों की कीमत पेट्रोल डीजल वाले वाहनों से अधिक है, दूसरे, शहर में और हाइवेज पर चार्जिंग स्टेशनों का अभाव है। रास्ते में बैटरी डाउन हो जाये तो वाहन को चार्ज कहां किया जाये? जब तक इसका मुकम्मल इंतजाम नहीं हो जाता, तब तक इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद और लोकप्रियता में इजाफा नहीं होने वाला। वैसे बिजली से चलने वाले वाहन पर्यावरण की दृष्टि से बहुत उपयोगी हैं। इनसे न धुंआ निकलता है, न ही विषैली गैसें। इनमें दोपहिया और चौपहिया दोनों तरह के वाहन शामिल हैं।

चार्जिंग स्टेशन बनाने की दिशा में हरियाणा से एक अच्छी खबर आयी है। राज्य सरकार ने स्टेट हाइवे और नेशनल हाइवेज पर बने 580 बिजलीघरों में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए ई-चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का मन बनाया है। इसके लिए 2022 में बिजलीघरों में ही चार्जिंग कंपनी को कुछ जमीन किराये पर दी जानी है। चार्जिंग स्टेशनों पर चाय कॉफी की सुविधा भी रहेगी, ताकि वाहनों की चार्जिंग के दौरान वाहन चालक वहां शांति से बैठ कर इंतजार कर सकें। सबसे अधिक, 18 चार्जिंग स्टेशन दिल्ली और अम्बाला के बीच स्थापित होने हैं।

इलेक्ट्रिक वाहनों के मामले में देश की बड़ी कार कंपनियां भी सक्रिय हो रही हैं। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड का कहना है कि फिलहाल देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग बहुत कम है। पेट्रोल-डीजल वाहनों से इलेक्ट्रिक वाहनों की तरफ आने में लोगों को अभी समय लगेगा। दोनों तरह की गाड़ियों के दाम जब बराबर हो जायेंगे तब लोग इलेक्ट्रिक गाड़ियों की ओर बढ़ेंगे। मारुति सुजुकी ने इस दिशा में काम शुरू कर दिया है और

बिजली से चलने वाली कारों को लेकर टाटा मोटर्स भारत में सबसे आगे है। कंपनी अपनी इस पोजीशन को बरकरार रखने के लिए अगले पांच वर्षों में करीब दस नये इलेक्ट्रिक वाहन लाने की योजना बना चुकी है। अर्थात हर साल औसतन एक-दो नये मॉडल बाजार में आते रहेंगे। इसके लिए कंपनी को टीपीजी और एडीक्यू से एक अरब डॉलर का निवेश मिल चुका है। टाटा मोटर्स को विश्वास है कि जितने ज्यादा नये मॉडल बाजार में आयेंगे, उतना ही इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग में वृद्धि होगी। शहरों को प्रदूषण मुक्त करने में ऐसे वाहनों का अहम रोल रहेगा। चंडीगढ़ में 40 इलेक्ट्रिक बसें पहले ही चल रही हैं। उधर एपल के लिए आईफोन बनाने वाली फॉक्सकॉन कंपनी अब बिजली चालित कारों के निर्माण में भी उतरेगी। शुरुआत भारत, यूरोप और लैटिन अमेरिका में इलेक्ट्रिक कारों के उत्पादन से होगी। फॉक्सकॉन ताइवान की कंपनी है। इलेक्ट्रिक कारों का उत्पादन पहले यूरोपीय कारखाने से होगा।

उसकी पहली इलेक्ट्रिक कार अगले तीन-चार साल में बाजार में आ जायेगी। बिजली से चलने वाली कारों को लेकर टाटा मोटर्स भारत में सबसे आगे है। कंपनी अपनी इस पोजीशन को बरकरार रखने के लिए अगले पांच वर्षों में करीब दस नये इलेक्ट्रिक वाहन लाने की योजना बना चुकी है। अर्थात हर साल औसतन एक-दो नये मॉडल बाजार में आते रहेंगे। इसके लिए कंपनी को टीपीजी और एडीक्यू से एक अरब डॉलर का निवेश मिल चुका है। टाटा मोटर्स को विश्वास है कि जितने ज्यादा नये मॉडल बाजार में आयेंगे, उतना ही इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग में वृद्धि होगी। शहरों को प्रदूषण मुक्त करने में ऐसे वाहनों का अहम रोल रहेगा। चंडीगढ़ में 40 इलेक्ट्रिक बसें पहले ही चल रही हैं।

उधर एपल के लिए आईफोन बनाने वाली फॉक्सकॉन कंपनी अब बिजली चालित कारों के निर्माण में भी उतरेगी। शुरुआत भारत, यूरोप और लैटिन अमेरिका में इलेक्ट्रिक कारों के उत्पादन से होगी। फॉक्सकॉन ताइवान की कंपनी है। इलेक्ट्रिक कारों का उत्पादन पहले यूरोपीय कारखाने से होगा। इसके बाद भारत में इस तरह की कारें बनेंगी। कंपनी इलेक्ट्रिक कारों के तीन नमूने पहले ही तैयार कर चुकी है। उधर, हरियाणा सरकार ने राज्य सरकार के कर्मचारियों को पहला इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर विशेष छूट प्रदान करने की घोषणा की है। हरियाणा के एक वित्त संगठन ने ई-वाहन खरीदने के लिए बाकायदा एक डिजिटल लोन प्लेटफार्म शुरू कर दिया है, ताकि लोगों को बिजली से चलने वाले दोपहिया वाहन खरीदने में सहूलियत रहे।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कोरोना वायरस



कोरोना वायरस शादी समारोह में जाता है सार्वजनिक जगहों पर जाता है बैंक स्कूल में भी जाता है सरकारी दफ्तरों में तो जाता ही है सिनेमाघरों से लेकर मेला मड़ई तक मे चला जाता है यदि नही जाता तो केवल चुनावी रैली में नेताओ की सभा मे उनके मीटिंग में क्योंकि कोरोना की आयु अभी 18 वर्ष की नही हुई है।

– संत आर थवाईत

मतदाता अधिकार

मतदाता अधिकार नजदीक आय रहा , करते हैं रैलियां नेता खूब जोर के । कोई बोले जातिवाद कोई परिवार वाद , जनता विकास पर ध्यान नहीं चोर के ।। करते हैं वादे सारे झूठ सब लुभावने , मिलते है जनता से हाथ सब जोडके ।। बोलने का ढ़ंग नहीं मनमानी बोलते हैं , बर्षाती शोर हों जैसे दादुर मोर के ।।

– अजय मिश्रा अभिज्ञ

खास पाती | एक आंगन में खेले कूदे एक

एक आंगन में खेले कूदे एक आंगन में बड़े हुए एक थाली में खाए थे हम एक बिछौना पर हम सोए ना जाने किसकी लगी नजर उस आंगन के बंटवारे हो गए कल तक सब का सब कुछ था अब उनके और हमारे हो गए एक किताब थी कल तक जो उसके पन्ने सारे बिखर गए कल एक घर में दो भाई थे अब दो भाई के घर हो गए कल तक जो अपने-अपने थे उन्हें नहीं अपना कहना था मतभेदों में उलझ गए थे हानि लाभ कुछ पता नहीं था एक दुग्ध इतना उत्पाती कैसे संभव हो सकता है अरे नमक के छींटें बिना पड़े ही कैसे दुग्ध बिगड़ सकता है । – कृष्णा प्रवीण शुक्ला

ज़ीना ज़ीना खुद में जाना भूल

ज़ीना ज़ीना खुद में जाना भूल गए हममें भी है इक तहखाना भूल गए रस्मन सबसे हँस कर मिलने-जुलने में ख़ुद से ही हम रब्त निभाना भूल गए। अश्क़ बहाये, ख़त फाड़े, कसमें खायीं दिल से उसका नाम मिटाना भूल गये। सिर चढ़कर जब बोला मेरा ही साया कमतर बेहतर का पैमाना भूल गये । ज़ाहिर है सीलन की बू तो आनी थी, जब रिश्तों में धूप लगाना भूल गए। गढ़ डाले तदबीरों ने नक़ली सूरज असली सूरज का नज़राना भूल गये। मेरा ख़ाली, उसका है कश्कोल भरा, इस शिक़वे में हर नज़राना भूल गये। कुछ लम्हे तो बस यूँ ही जी लेने थे, उजलत में ख़ुद को समझाना भूल गये। जीवन की इस भूलभुलैया का 'रूपम' मआ'नी था बस आना-जाना, भूल गये। – निरुपमा चतुर्वेदी

कैसे बतलाएँ उन्हें कि कुछ टूट

कैसे बतलाएँ उन्हें कि कुछ टूट सा गया है हालातों का असर कहिए बहुत कुछ छूट सा गया है वक्त ये ज़ालिम बहुत हम से अब यह रूठ सा गया है। -डिंपल गौड़

मैं अच्छी थी क्योंकि मैं चुप

मैं अच्छी थी क्योंकि मैं चुप थी मैं घमंडी थी क्योंकि मैं चुप थी मैं निर्लज्ज थी , बेबकूफ थी , समझदार थी कम पढ़िलिखी थी बात करने का सऊर नहीं था , ज्यादा पढ़िलिखी थी पढ़ाई का गुरूर था मैं सुदर थी , सुंदरता का घमंड था काली , मोटी , भद्दी और बदसूरत थी साथ में कहीं ले जाने लायक नहीं थी इसलिए मैं चुप थी जो लोग मेरी चुप्पी के लिए जिम्मेदार थे उन लोंगो के लिए मेरी चुप्पी के कई मतलब थे वैसे मैं नई नहीं थी जो चुप थी। – रूबी प्रसाद

कुरेदकर देखा जिम्मेदारियों के

कुरेदकर देखा जिम्मेदारियों के राख को आज भी ख्वाईश की आग जिंदा है वक्त की बारिश बुझा नही पाती दिल में दबे जज़्बात काश कि रूक जाए ये बरसात फर्ज का काश कि थम जाए ये सर्द हवाएं वक्त की तो पूरी कर लें हम सारी ख्वाहिशे सारे सपने। – प्रीती श्रीवास्तव

बीज नेकी के हौसले अनहद

बीज नेकी के हौसले अनहद । सारा जहां तले बरगद । इश्क ए शजर दिल भी गदगद । बातें अनमोल सुकून है वृहद । बगिया व फूल जीवन समर्थ । गिरकर बढ़ना यही है मकसद।

– सुरेश वैष्णव

मेरे खतों का उसके पास कोई

मेरे खतों का उसके पास कोई जवाब नही था उन्हें गुरुर अपने इश्क़ पर हमें सुरुर उनका था बिन वजह वो उलझें खामोशियों के साथ मैं और तुम थे शाम के पहर सब्र दिल को वफ़ा का करार उन्हीं का था वक़्त से बिछड़े वक़्त पर मिले वक़्त का रखें ख़्याल बस एक सवाल मेरा यही उनसे था। – नंदिता तनूजा

QUIZ TIME

1) ग्राम पंचायत का सरपंच कब अप्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित किया जाता है? (छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा-13 के अनुसार)

2) छत्तीसगढ़ में भारतीय मानक समय एवं कर्क रेखा का कटाव बिंदु कहाँ है? (सरगुजा / सूरजपुर)

3) छत्तीसगढ़ के किस जिले में मानक सूचकांक सर्वाधिक है?

4) किस राज्य की उत्तरी सीमा छत्तीसगढ़ राज्य की दक्षिणी सीमा को निर्धारित करती है?

5) संविधान सभा में शामिल छत्तीसगढ़ के सदस्य का क्या नाम है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) जब सरपंच का चुनाव लंबित हो (2) सूरजपुर (3) कोरबा (4) आंध्रप्रदेश (5) रामप्रसाद पोटाई

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1484-महान कवि संत सूरदास का जन्म। 1625 -हालैंड और इंग्लैंड के बीच सैन्य संधि पर हस्ताक्षर किये गये। 1762- ब्रिटिश संसद ने पेरिस संधि को स्वीकार किया। 1873- हिज एक्सेलेंसीजार्ज बैरिंग वायसराय तथा भारत के गवर्नर जनरल ने 'म्योर कॉलेज' की आधारशिला रखी। 1898 -बेलूर मठ की स्थापना हुई। 1913 -देश की पहली महिला फ़ोटो पत्रकार होमाई व्यारावाला का जन्म। 1917 -जनरल अलेनबाय के नेतृत्व में ब्रिटिश सेना ने यरुशलम पर कब्जा किया। 1931 -जापानी सेना ने चीन के जेहोल प्रांत पर हमला किया।1941 -चीन ने जापान, जर्मनी और इटली के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1945 -प्रसिद्ध अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा का जन्म। 1946 -संविधान सभा की पहली बैठक नयी दिल्ली के कांस्टीट्यूशनल हॉल में हुई। 1946 -कांग्रेस नेता सोनिया गांधी का जन्म। 1971 - आज के दिन लिबरेशन वॉर के दौरान भारतीय सेना ने हवाई अभियान मेघना हेली ब्रिज छेड़ा था। 1979 - विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा चेचक के उन्मूलन के लिए दुनियाभर में चलाए गए अभियान के करीब 10 साल बाद इस घातक संक्रमण के उन्मूलन की घोषणा की। 1992 -प्रिंस चार्ल्स और प्रिंसेस डायना ने अलग होने की औपचारिक रूप से घोषणा की। 2001 - यूनाइटेड नेशनल पार्टी के नेता रानिल विक्रमसिंघे ने श्रीलंका के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। 2006 - पाकिस्तान ने परमाणु क्षमता युक्त मध्यम दूरी के प्रक्षेपास्त्र 'हत्फ-3 गजनवी' का परीक्षण किया।

2007 -प्रगतिशील काव्य धारा के प्रसिद्ध कवि

जिले का सबसे पावन और बडा धार्मिक तीर्थस्थल बदहाली का शकार

रीवा नवप्रदेश ! जिले का सबसे पावन और धार्मिक तीर्थस्थल देवतालाब जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण बदहाली का शिकार है। जबकि यहां विंध्य ही नहीं बल्कि मध्यप्रदेश व देश के कोने-कोने से धार्मिक आस्था रखने वाले यहां पहुंचते हैं। यह स्थल धार्मिक महत्व एवं आस्था के लिये देश भर में प्रसिद्ध है। यहां विराजे देवाधिदेव महादेव के प्रति लोगों में अगाध आस्था है। जबकि दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को मुश्किलों का सामना करना पडता है।

नहीं हो सका विकास-बताते चलें कि इस ऐतिहासिक तीर्थ स्थल का विकास उस गति से नहीं हो सका जिस तरह की अपेक्षा श्रद्धालु और इस स्थल प्रसिद्धि के आधार पर होना चाहिए। जिससे यहां आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को मुश्किल का सामना करना पडता है। दूरदराज से आने वाले

श्रद्धालुओं जानकारी के अभाव में भटकते रहते हैं, उन्हें कोई बताने वाला नहीं रहता कि शुद्ध पानी कहां मिलेगा अथवा कहां पर थोडा विश्राम कर अपनी थकान दूर सकते हैं।

धार्मिक पर्यटन का नहीं मिला दर्जा-पावन शिवालय देवतालाब को धार्मिक पर्यटन क्षेत्र का दर्जा दिए जाने की चर्चाएं काफी समय से चल रही हैं लेकिन अब तक यह उपलब्धि नहीं मिल सकी है। जनप्रतिनिधियों ने इस दिशा में ठोस कदम नहीं लिया। उच्च पद पर आसीन होने के बाद भी विकास की गति रफ्तार नहीं पकड पाई है।

दिन ढलते ही अंधेरा-इस धार्मिक परिसर में दिन ढलते ही अंधेरा छा जाता है। इसके बाद परिसर के आसपास असामाजिक तत्वों का चारो तरफ जमावडा लग जाता है। नशा के शौकीन इसके आसपास मडराते रहते हैं। जिससे दूरदराज से पहुंचने वाले श्रद्धालु डरे-सहमे रहते हैं।

श्रद्धालु होते हैं लूट का शिकार-दूरदराज से भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिये पहुंचने वाले श्रद्धालुओं द्वारा यदि यहां कुछ खरीददारी की है तो उनसे मनमानी दाम वसूला जाता है। लेकिन श्रद्धालु धार्मिक स्थल होने के नाते कुछ बोल नहीं पाते और चुपचाप पैसा देना ही उचित समझते हैं।

सुरक्षा का अभाव-पुलिस गश्त के अभाव में कभी कभार यहां बडी संख्या में दूरदराज से आने वाली दर्शनार्थी रात्रि में मंदिर परिसर में बने टीनशेड में विश्राम करते हैं जिनकी सुरक्षा का खतरा बना रहता हैं। रात्रि में असाामजिक अपना शिकार बनाने की ताक में लगे रहते हैं। श्रद्धालुजन के साथ ही स्थानीय व्यापारियों ने पुलिस चैथी स्थापित करने की मांग की है।

तांत्रिक के चंगुल में फसा भक्त अब पुलिस स्टेशन के काट रहा चक्कर

रीवा नवप्रदेश ! तंत्र-मंत्र से घरेलू कलह को दूर करने का वादा करने वाले ज्ञानी बाबा का इसे कमाल ही कहां जाएगा कि उन्होने भक्त की समस्या को दूर करने को कौन कहें बल्कि उसकी कलह और बड गई। पीडित अब न्याय के लिए पुलिस का चक्कर काट रहा है। पीडित बहुरीबॉध निवासी चिराग अली मंगलवार को एसपी कार्यालय पहुचा और अपने साथ हुई ठगी की शिकायत एसपी से करते हुए दोषी ढोंगी बाबा के खिलाफ कार्रवाई किए जाने एवं उसके पैसे दिलवाए जाने की मांग की है।

50 हजार रूपए की ठगी

पीडित चिराग का आरोप है कि मउगंज निवासी ज्ञानी बाबा ने उससे घरेलू कलह को दूर करने के लिए कुल 50 हजार रूपये लिए है। जिसमें 35 हजार रूपये उसने नकद दिए जबकि 15 हजार रूपये ऑनलाइन पेमेंट किया था। उसने बताया कि मउगंज में वह अपने रिश्तेदार के धर गया था। जहां बाबा से उसकी मुलाकात हो गई। उसने अपनी घरेलू समस्या बताई तो वह उसे दूर करने के लिए 50 हजार रूपये की डिमांड किया और उसने किसी तरह से रूपये एकत्रित करके बाबा को दिए थें।

बड गई और कलह

पीडित चिराग का आरोप है कि बाबा उससे रूपए भी ले लिया और उसकी समस्या भी दूर नही हुई बल्कि कलह और ज्यादा बड गई। तांत्रिक के हाथ 50 हजार रूपये गवाने के बाद चिराग की समस्या अब बडती ही जा रही है।ज्ञात हो कि बडती जागरूकता के बाद भी लोग तंत्र-मंत्र एवं ऐसे बाबा के हाथों न सिर्फ बेवकूफ बन रहे है बल्कि अपनी जमापूंजी को लूटा रहे है। उसी तरह चिराग भी अपनी घरेलू समस्या को दूर कराने के लिए बाबा के सम्पर्क में आकर पैसे दे दिया और अब पैसो के लिए वह परेशान हो रहा है।

एचपी गैस के सामने हुए एक्सीडेंट में जान गवाई थी महिला ने पीडितों ने की थी मैहर हॉस्पिटल की शिकायत

मैहर। विधायक हॉस्पिटल के डॉक्टर से कुछ नाराज चल रहे थे उसी के तहत आज उन्होंने सारे डॉक्टरों की मीटिंग ली एचपी गैस के सामने कुछ दिनों पहले बाइक से गिरकर एक महिला की एक्सीडेंट में मौत हो गई थी वह दूसरे व्यक्ति को मामूली चोट आई थी लेकिन जब हॉस्पिटल में महिला को लाया गया तो उसकी सांसे चल रही थी लेकिन डॉक्टरों की लापरवाही की वजह से उसकी जान चली गई और उसके साथ के व्यक्ति जब दूसरे दिन हॉस्पिटल में पट्टी कराने पहुंचा तो उसके साथ भी दुर्व्यवहार किया गया नाराज,विधायक ने कहां की मुझे सर्वगुण संपन्न हॉस्पिटल बनाना है लेकिन डॉक्टरों द्वारा इस तरीके के कृत बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करूंगा विधायक ने कहा कि कोई भी मरीज आपके पास जब आता है तो आपको उससे कम से कम प्रेम से बात करिए और साथ में दवा भी लेकिन कुछ डॉक्टर अपनी जिम्मेदारी छोड़कर मोबाइल में व्हाट्सएप चैट और यूट्यूब खोल कर वीडियो देखते रहते हैं जिनका वीडियो मेरे पास आया है मैं हॉस्पिटल में काम कर रहे डॉक्टरों और नर्सों को चेतावनी दे रहा हूं दोबारा इस तरह की शिकायत मुझे मालूम पड़ी तो मुझे उचित कार्रवाई करनी पड़ेगी वही बीएमओ डॉक्टर निगम को भी जिम्मेदार ठहराया।

विधायक ने मीटिंग लगाकर हॉस्पिटल को सुनाई खरी खोटी

बडते कोरोना प्रकोप को देखते हुए सभी परीक्षायें ऑन लाइन या ओपेन बुक परीक्षा प्रणाली से कराई जाये -पंकज उपाध्याय

रीवा नवप्रदेश ! टीआरएस कॉलेज के एनएसयूआई अध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने अतिरिक्त संचालक , रीवा सम्भाग रीवा (म0प्र0) को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि जिस प्रकार कोरोना महामारी सम्पूर्ण भारत देश में तेजी से बड रहा है ऐसे में यदि महाविद्यालयों की परिक्षायें पूर्व की भांति ली जाती है तो छात्रो में कोरोना बीमारी होने की सम्भावना बड जायेगी उक्त परिस्थितियों को देखते हुये छात्र हित को ध्यान में रखते हुए सभी महाविद्यालयों की परीक्षायें ऑन लाइन या ओपेन बुक परीक्षा प्रणाली से कराया जाना उचित व आवश्यक है। उक्त ज्ञापन सौपते समय प्रमुख रूप से जिला सचिव सत्यम मिश्रा, शिवम मिश्रा, शशिमोल तिवारी, सर्वेश मिश्रा, विपिन आदिवासी, प्रतीक द्विवेदी, अनुराग सिंह, अभिषेक दुबे, अमन कुशवाहा, गौरव शर्मा, प्रियांशु मिश्रा, सुधीर शुक्ला, गौरव सिंह, अमन मिश्रा, अभिषेक पटेल, जय प्रकाश कुशवाहा आदि सैकडो की संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

विवेकानंद महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य श्री आर पी तिवारी के बेटे और बहू ने किया मैहर का नाम रोशन,हुए राज्यपाल से सम्मानित

नव प्रदेश मैहर ।अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा का 9वां दीक्षांत समारोह दिनाँक 06.12.2021 को पंडित शंभूनाथ शुक्ला सभागार में आयोजित किया गया था।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने आए मध्यप्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति मंगू भाई पटेल के हाथों मैहर तहसील के प्रतिष्ठित शिक्षाविद एवं शासकीय महाविद्यालय मैहर के पूर्व प्राचार्य डॉ. आर. पी. तिवारी के पुत्र तथा नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय स्वामी नीलकंठ विद्यापीठ स्कूल के संचालक डॉ. शैलेश तिवारी को प्रबंध संकाय में एवं पुत्रवधू डॉ. अनु मिश्रा मनोवैज्ञानिक जिला अस्पताल रीवा को मनोविज्ञान में शोध उपरांत पीएच .डी की उपाधि प्रदान की गई. डॉ. शैलेश एवं डॉ अनु ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय माता शारदा, अपने माता-पिता, भाई बहन, गुरुजनों एवं परिवारजनों को दिया जिनके स्नेह आशीर्वाद एवं सहयोग से यह सफलता प्राप्त हुई है.जहाँ एक तरफ दोहरी शैक्षणिक उपलब्धि से माता शारदा की पावन धरा को इस दम्पति ने गौरवांगित की वही विधायक नारायण त्रिपाठी, पूर्व विधायक मोतीलाल तिवारी, श्रीकांत चतुर्वेदी, धर्मेश घई, यशोदा मिश्रा, रविनंदन मिश्रा, धीरेंद्र मुन्ना गौतम,दिलीप त्रिपाठी, सूर्यप्रकाश चौरसिया, संतोष सोनी, संजय राय,पुष्पराज शुक्ला डॉ.प्रदीप त्रिपाठी, कैलाश गौतम, दिनेश शर्मा, डॉ.दीपक शर्मा, रमेश शर्मा, डॉ प्रभा पांडेय, डॉ पी पी पांडेय, डॉ ए के गौतम, डॉ सतीश गर्ग, डॉ सुनीता राज खन्ना, समोद घई, सुभाष जैन, सुभाष निखरा, ओंकार तिवारी अन्नू, अवधेश तिवारी गोलू, प्रशांत शुक्ला,स्वप्निल शर्मा, प्रकाश तिवारी, शारदा मिश्रा, रामप्रकाश चौरसिया लाला, पवन उर्मलिया, अतुल शुक्ला, पी एल द्विवेदी, शशांक श्रीवास्तव, रविंद्र सिंह मंजू, योगेन्द्र शुक्ला रज्जन, देवेंद्र पांडेय, सूर्यकांत द्विवेदी के साथ नगर के गणमान्य नागरिकों ने बधाई देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की.

संजय गांधी महाविद्यालय की समस्याओं को लेकर प्रभारी मंत्री से मिले छात्र

नव प्रदेश सीधी। आज संजय गांधी कालेज की विभिन्न समस्याओं को लेकर छात्र नेता शिवम शुक्ला के नेतृत्व में सैक ?ों छात्रों ने जिले के प्रभारी मंत्री शुश्री मीना सिंह से मिलकर संजय गांधी कॉलेज की ह्यह्ल,ह्यष छात्रों को मिलने वाली पुस्तकालय से स्टेशनरी उपलब्ध कराने कालेज के खेल के मैदान को ब्यवस्थित कराने एवं महाविद्यालय में परीक्षाओं को ओपन बुक से कराने का आग्रह किया कॉलेज में वाई फाई से युक्त करने संजय गांधी महाविद्यालय और कन्या महाविद्यालय के बीच रेलिंग चौराहा बनाए जाने एवं कॉलेजों में महिला कांस्टेबल एवं पुरुष कांस्टेबल तैनात करने गर्ल्स एनसीसी चालू करने संबंधी समस्याओं को लेकर सैक ?ा छात्र प्रभारी मंत्री से मिलकर जल्द पूर्ण करने का निवेदन किया जिसमें प्रमुख रुप से सौरभ मिश्रा आत्माराम पांडे पंकज द्विवेदी सुमित पाठक रोशन द्विवेदी रामचरण प्रजापति राजू लाल साकेत अमर गुप्ता चंद्र प्रताप सिंह प्रवीण जयसवाल हिमांशु सिंह शुभम पांडे कान्हा मिश्रा कान्हा मिश्रा देवेंद्र मौर्य सौरभ परिहार विष्णु कुशवाहा आदित्य सिंह अजय चौहान सहित काफी संख्या में छात्र उपस्थित रहे

राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग स्पर्धा 21 दिसम्बर से पुणे में

नव प्रदेश सीधी । वाको इंडिया कैडेट्स एंड जूनियर्स नेशनल किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता 21 से 25 दिसंबर को बॉक्सिंग हॉल, श्री छत्रपति शिवाजी महाराज क्रीड़ा संकुल, बालेवाड़ी स्टेडियम, पुणे, महाराष्ट्र में आयोजित किया जाएगा। पूरे भारत में विभिन्न राज्यों से इस चैंपियनशिप में एक हजार से अधिक प्रतिभागी भाग लेने जा रहे हैं। प्रतिभागियों, प्रतिनिधियों, कोचों और अन्य जुड़े लोगों को प्रोत्साहित करने, प्रेरित करने और मार्गदर्शन हेतु वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के अध्यक्ष श्री संतोष अग्रवाल पूरे राष्ट्रीय टूर्नामेंट में मौजूद रहेंगे। श्री नीलेश शेलार अध्यक्ष, किकबॉक्सिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन, महाराष्ट्र, श्री संतोष अग्रवाल के नेतृत्व में वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के तत्वावधान में पूरे कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। पूरे आयोजन की व्यवस्था सभी कोविड -19 सुरक्षा मानदंडों का पालन करते हुए आयोजित की जा रही है। सभी प्रतिभागी इस संबंध में सरकार द्वारा जारी किए गए कोविड 19 के सभी दिशा-निर्देशों, सलाह और प्रोटोकॉल का अनिवार्य रूप से पालन करेंगे। यह टूर्नामेंट सभी प्रतिभागियों के लिए अपने कौशल का प्रदर्शन करने और उनकी क्षमता का एहसास करने के लिए एक मंच है; और भविष्य की सभी घटनाओं, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों के लिए अपने रास्ते की

रणनीति बनाएं। वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन पूरे भारत के सभी संबंधित खिलाड़ियों, रेफरी, कोचों और अधिकारियों को इस आयोजन में भाग लेने और इस चैंपियनशिप से जोड़ने के लिए गर्मजोशी के साथ आमंत्रित कर रहा है। यहां यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि इस आयोजन को आगामी वाको वर्ल्ड कैडेट्स एंड जूनियर्स किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए चयन का पहला चरण भी माना जाएगा जो अगले साल आयरलैंड में होने जा रहा है। उक्त जानकारी किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ मध्यप्रदेश के अध्यक्ष मास्टर सईद आलम ने दी ।

दीक्षांत समारोह में डॉक्टरेट की उपाधि से विभूषित हुए सूरज सिंह

नव प्रदेश सीधी । शहर के दक्षिण करौंदिया निवासी डॉ सूरज सिंह चौहान को अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के नौवें दीक्षांत समारोह में महामहिम राज्यपाल श्री मंगूभाई छगनभाई पटेल जी द्वारा डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया 7 डॉ सूरज सिंह चौहान ने जैव प्रौद्योगिकी विषय से अपना शोध कार्य किया है जिसमें इन्होंने नैनो-टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से एक बायो नैनो पार्ट डिजाइन किया है यह खरपतवार को इको फ्रेंडली तरीके से नष्ट कर देता है इन्होंने लगातार 9 वर्षों से वीड मैनेजमेंट पर अपना शोध कार्य

निरंतर जारी रखा है वर्तमान में शहर के ही टाटा महाविद्यालय में कार्यरत है 7 इनके कई रिसर्च पेपर नेशनल और इंटरनेशनल सम्मिलित है इस समारोह में डॉ मोहन यादव जी उच्च शिक्षा मंत्री, अखिल भारतीय शिक्षण संघ के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री मुकुल जी और डॉ राजकुमार आचार्य जी कुलपति अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा ने इनके कार्य की सराहना की और साथ ही भविष्य में निरंतर शोध कार्य करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया और राज्यपाल जी ने कहा कि आप के भावी जीवन मे राष्ट्र और समाज के विकास और वंचित वर्ग का उत्थान और चुनौतियों के समाधान में भागीदारी निभाते हुए खुद को साबित करना 7 इन्होंने संपूर्ण विंध्य को गौरवान्वित किया और भविष्य में ऐसे ही निरंतर शोध कार्य करते रहने की प्रतिज्ञा ली द्य

विधायक मैहर की एक और सौगात,एक करोड अडसठ लाख की लगत से बनेगा बच्चों का आधुनिक अस्पताल

नव प्रदेश मैहर। जिले के मैहर शहर सहित विधानसभा आसपास के क्षेत्र वासियों के लिए विधायक मैहर ने फिर एक बडी सौगात दी है। क्षेत्र वासियो के स्वास्थ्य सबंन्धित होने वाली समस्याओं के प्रति विधायक मैहर कितने सजग और चौकन्ने है उनका यह प्रयास साबित करता है। सिविल अस्पताल मैहर में 5500 वर्गफुट में केवल बच्चों के लिए आधुनिक तमाम व्यवस्थाओं से सुसज्जित अस्पताल का बनाया जाना सुनिश्चित हुआ जिसे लगभग एक करोड 68 लाख की कीमत से बनाया जाना है। जिसका कार्य अतिशीघ्र प्रारम्भ किया जाएगा। निश्चित ही इस अस्पताल के बनने से मैहर सहित आसपास के लोगो को बच्चों को होने वाली समस्याओं से निजात मिलेगी साथ ही इधर उधर जो लोग भटकते थे उससे भी निजात मिलेगी। मैहर विधायक के इस भागीरथ प्रयास के लिए क्षेत्र के जन मानस ने उनका आभार ज्ञापित किया है।

जुबान कटी युवती का मिला शव

सतना। जिले के अमरपाटन थाना अंतर्गत ग्राम पौ ?ी कला हनुमान मंदिर के सामने बुधवार सुबह एक युवती का शव मिला जिसकी सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच प ?ताल की। युवती के घायल होने की सूचना 108 एंबुलेंस को ग्रामीणों ने दी थी। जिन्होंने बताया कि युवती की जुबान कटी हुई है। वहीं मौके से युवती को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार पौी में बुधवार सुबह एंबुलेंस सेवा को यह सूचना मिली कि एक युवती घायल अवस्था में ताला थाना अन्तर्गत ग्राम पो ?ी कला स्थित हनुमान मंदिर के सामने प ?ी हुई है। इस सूचना पर एम्बुलेंस सेवा ने घायल युवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अमरपाटन पहुंचाया।

वनरक्षक राजकुमार प्रजापति खबर से बौखलाए पीड़ित शिवदयाल त्रिपाटी को दे रहा है धमकी

नव प्रदेश मैहर ।सतना वन भूमि की सुरक्षा के लिए वन विभाग द्वारा वनरक्षक की तैनाती की जाती है। वनरक्षक की ड्यूटी होती है कि वह वन भूमि किसी को अतिक्रमण न करने दें और वन भूमि लगे वृक्षों को नुकसान से बचाए किंतु जब कोई वनरक्षक स्वयं वन भूमि में लगे वृक्षों को कटवा कर गैरकानूनी तरीके से उपयोग करने लगे तो फिर कहावत याद आती है की फ्रबाड़ी खेत खाए तो उपाय कौन कीजिएफ्र लेकिन यहां पर तो उपाय ही उपाय है । वनरक्षक के ऊपर भी अधिकारी होते हैं जो वनरक्षक के गैरकानूनी कार्यो पर रोक लगाकर उसे सजा दिलवा सकते हैं परंतु सतना जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर की दूरी पर चित्रकूट मार्ग में स्थित मझगवा विकासखंड के केलहौरा बीट में तैनात वनरक्षक के गैर कानूनी कार्य को देखकर ऐसा लगता है कि वनरक्षक राजकुमार प्रजापति ही वन विभाग का सर्वे सर्वा है । इसलिए वह लगभग दस साल से बेखौफ होकर जंगल के वृक्षों को कटवा

वन विभाग के 40 एकड़ मे है बिड गॉंड का काबिज

रहा है और वृक्ष से खाली हुई भूमि में खुद तो खेती करता ही है उस क्षेत्र के अन्य लोगों को भी वृक्ष काटकर खेती करने के लिए प्रोत्साहित करता है। केलहौरा क्षेत्र के निवासी शिवदयाल त्रिपाठी ने बताया कि बीट गार्ड राजकुमार प्रजापति बीते कई वर्षो से बरौंधा क्षेत्र में पदस्थ है और बीट नंबर 185 की लगभग बीस एकड़ भूमि के पेड़ कटवा कर खुद खेती कर रहा है और रामदयाल यादव, भोला साहू व रामसखा यादव चौकीदार महतैन से भी लगभग दस- दस एकड़ में प्रत्येक से खेती करवा रहा है । इस प्रकार लगभग 50 एकड़ वन भूमि लगे वृक्षों के लिए रक्षक ही भक्षक बन गया जबकि उसे उन वृक्षों का जीवन बचाने के लिए तैनात किया गया है वृक्षों के हत्यारे, कानून को ठेंगा दिखाने वाले और अपने दायित्व से विपरीत कार्य करने वाले वनरक्षक के ऊपर वन विभाग के आला अफसर क्यों मेहरबान हैं यह तो अफसर ही जाने ।कल दिनांक 80/12/21 को,बीटगॉंड राजकुमार प्रजापति अपने कुछ आदमी लेकर शिवदयाल के घर में आया और धमकी देकर बोल रहा था कि तुम मेरी खबर छपवा ते हो तुम्हारे ऊपर किसी मामले में फंसा कर बर्बाद कर दूंगा इसलिए पीड़ति काफी सदमे में है रेंजर बरौंधा को फोन लगाया गया उन्होंने फोन नहीं उठाया इससे साफ जाहिर होता है कि कहीं ना कहीं इनकी भूमिका संदिग्ध है

जल संरक्षित करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी: दिलीप पांडेय

उमरिया– राष्ट्रीय जल मिशन फेस टू के अंतर्गत युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार नेहरू युवा केंद्र जिला उमरिया के जिला युवा अधिकारी आदित्या सिंह व लेखापाल देवेंद्र द्विवेदी के मार्गदर्शन पर जिले के सभी राष्ट्रीय स्वयं सेवकों द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिसमें जल संरक्षण शपथ जल बचाने के लिए ग्रामीण वासियों को जागरूक दीवार लेखन के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है उसी के तहत पाली महाविद्यालय में राष्ट्रीय जल मिशन के अंतर्गत सेमिनार का आयोजित किया गया जिसमें 100 छात्रों ने भाग लिया इस कार्यक्रम में अध्यक्षता के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे, कोषाध्यक्ष बृजेश उपाध्याय, श्रीधर राव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन युवा हिमांशु तिवारी ने किया ।राष्ट्रीय स्वयंसेवक प्रेरणा तिवारी पारस सिंह नरेश प्रजापति उत्कर्ष माथुर,शिवानी बर्मन, पूजा परस्ते जानकी परस्ते एवं सभी युवा मंडल सदस्य महिला मंडल से उपस्थित रहे। दिलीप पांडे ने बताते हुए कहा कि प्रति दिन अधिक पानी को बचाने के लिये शौच के समय कम पानी का इस्तेमाल करें। हमें फलों और सब्जियों को खुले नल के बजाय भरे हुए पानी के बर्तन में धोना चाहिये। बरसात के पानी को जमा करना शौच, उद्यानों को पानी देने आदि के लिये एक अच्छा उपाय है जिससे स्वच्छ जल को पीने और भोजन पकाने के उद्देश्य के लिये बचाया जा सकता है।

मांगे पूरी नहीं हुई तो अगली पदयात्रा राजधानी तक होगी

मंडला। सर्व आदिवासी सामाजिक संगठनों द्वारा निकाली गई संवैधानिक पदयात्रा मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंची। जहां राष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इस संवैधानिक पदयात्रा की शुरूआत जिले के आदिवासी बाहुल्य मवई से 4 दिसम्बर को हुई थी। इस 4 दिवसीय पदयात्रा में आदिवासी समाज से जु? लोग अपनी पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए और मवई से मंडला का करीब 100 किमी का लंबा सफर पैदल तय किया। इस पदयात्रा को सभी सामाजिक संगठनों का समर्थन भी मिला। बताया गया कि मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा जो पेसा नियम 2021 बनाया गया है वो केंद्रीय पेसा कानून के बिलकुल विपरीत है और ग्राम सभा को एक तरह का कोमा में डालने का काम किया है जबकि आज भी गांव में कहा जाता है दिल्ली में हमारी सरकार क्योंकि हम चुन के भेजते हैं भोपाल में हमारी सरकार क्यूंकि हम चुन के भेजते हैं लेकिन हमारे गांव में हम ही सरकार इस भावना और परिकल्पना के साथ पेसा कानून को बनाया गया था। पर सरकार आज फिर से आदिवासियों के साथ ऐतिहासिक अन्याय को दोहराने का काम किया है।

भाजयुमो जिला मंत्री नीरज पाण्डेय ने दिया भाजपा से स्तीफा

चुरहट विधानसभा के है कार्यकर्ता

नव प्रदेश सीधी। भारतीय जनता पार्टी जिला सीधी में कार्यकर्ताओं का असंतोष थमने का नाम नही ले रहा है। ऐसा कोई दिन नही जिस दिन कोई न कोई कार्यकता पार्टी से अलग हो रहा है। युवा मोर्चा सीधी में जिला मंत्री रहे नीरज पांडे कंधवार ने भी आज बकायदा प्रेस वार्ता करके अपनी व्यथा सुनाकर त्यागपत्र जिला अध्यक्ष सीधी इन्द्रशरण सिंह चौहान को भेज दिया है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक के विस्तारक रहे है नीरज–नीरज पाण्डेय राष्ट्रीय स्वयंसेवक के प्रथम वर्ष प्रशिक्षित स्वयंसेवक हैं और रीवा नगर में बतौर संघ के विस्तारक साल भर संघ के प्रचार-प्रसार का काम कर चुके हैं।

नीरज पाण्डेय ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान में भाजपा के नेता काम निकलने के बाद भूल जाते हैं। फोन उठाना बन्द कर देते हैं। किसी मुसीबत में फंस जाओ तो फोन ही नहीं उठता है कभी फोन वापस आने का तो सोचिये मत।

प्रदेश का भाजपा संगठन जिले के कुछ लोगों का गिरबी हो गया है। नई नई गाइडलाइन निकालते है फिर उसका पालन नही करते है। साल भर से ये कहा गया कि युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष 30 साल के अन्दर का रहेगा लेकिन जब सूची आयी तो कोई पालन नही किया गया। अपने - अपने जेब के लोगों को उपकृत करने के लिए कोई भी नियम बना लेते है और फिर अपने हिसाब से काम करते हैं। इस सम्बंध में जब प्रदेश के जिम्मेदार पदाधिकारियों से मेरे द्वारा बात की गई तो कोई संतोषजनक जबाब नहीं मिला। अब भाजपा का संगठन जो पहले था अब नही हैं। अब भाजपा भी नेता आधारित हो गयी है। मैं पिछले 10 वर्ष से संघ और भाजपा के माध्यम से जितना बन सका पार्टी और जनता की सेवा में लगा रहा अब भारी मन से भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से स्तीफा दे रहा हूँ।

ग्राम कोटा के पीयूष पाण्डेय ने भी छोड़ी भाजपा–रामपुरनैकिन मण्डल के ग्राम कोटा के सक्रिय कार्यकर्ता पीयूष पाण्डेय ने भी अपना स्तीफा भाजपा मण्डल अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह को भेज दिया है

युवाओं ने दी श्रद्धांजलि

उमरिया–युवाओं के द्वारा हेलिकॉप्टर हादसे में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका रावत समेत 13 सैन्य अफसरों की मौत हो गई. युवाओं ने दीप प्रज्वलित करके भाव पूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।तमिलनाडु के हादसे में जनरल बिपिन रावत का असामयिक निधन हो गया। हादसे की तमाम खबरों के बीच सारे देश की निगाहें नीलगिरि पर्वत की उसी शिरा पर टिकी रही, जहां आखिरी बार जनरल रावत के चॉपर को उड़ते देखा गया। शाम के वक्त आई उनके जाने की तस्वीरों से देश का हर वो इंसान मर्माहत है, जिन्होंने उनके राष्ट्र समर्पण की कहानी सुनी थी। गढ़वाल के एक सामान्य गांव से निकलकर रायसीना के सबसे ऊंचे सैन्य ओहदे तक पहुंचे जनरल रावत उस विभूति पुरुष की तरह जाने जाएंगे, जिन्होंने भारत की सेनाओं को सशक्त करने, समन्वयित करने और देश की रक्षा के कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाने को जीवन दे दिया।स्वॉर्ड ऑफ ऑनर से लेकर परम विशिष्ट सेवा मेडल तक, 11 गोरखा राइफल्स से देश

के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ तक, गढ़वाल के गांव से लेकर कश्मीर के ऊंचे पहाड़ों तक, जनरल रावत ने जितना विशाल जीवन जिया वो हर सैन्यकर्मी के लिए एक प्रेरणा बनकर शाश्वत रहेगा। कश्मीर के उरी में कर्नल बिपिन रावत, सोपोर में रावत साहब और दिल्ली में जनरल रावत बने बिपिन रावत अब एक अनन्त यात्रा पर चले गए हैं। लेकिन ना रैंक गई, ना जनरल रावत का फौजी होना...कश्मीर के एक समारोह में उन्होंने कहा था- फौजी और उनकी रैंक कभी रिटायर नहीं होते।श्रद्धांजलि अर्पित करते समय

भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य पवन संभर,युवा हिमांशु तिवारी, अमन वर्मा, पवन गुप्ता, नरेश प्रजापति,पारस सिंह,कौशलेंद्र सिंह,जितेश संभर एवं सभी उपस्थित रहे।

मैंहर में जोरो पर है राजश्री की कालाबाजारी

नव प्रदेश मैहर ।। सूत्रों के हवाले से खबर यह है कि मैंहर शहर में इन दिनों गुटखा खैनी पान मसाला इत्यादि नशीले पदार्थों की कालाबाजारी जोरों पर चल रही है आम नागरिक इन नशीले पदार्थों को दुगने दाम पर खरीदने को मजबूर है वर्तमान समय में लॉक डाउन की स्थिति निर्मित हो रही है जिसके कारण सभी प्रकार के व्यवसायियों पर सरकार ने सशर्त अंकुश लगाया गया है जिसके कारण मैंहर में स्थित एजेंसी के मालिक कालाबाजारी करने में नहीं चूक रहे हैं इनके पास रखे हुए स्टॉक जैसे कि राजश्री कमला पसंद पान पराग गुड़ाखू इत्यादि चीजें दुगने तिगने दामों पर रिटेलरओ को भेजा जा रहा है जिससे रिटेलर छोटे व्यापारी ग्राहकों को दुगने चौगुने दामों पर बेचने को मजबूर हैं वह एजेंसी मालिक के द्वारा कई छोटे व्यापारियों को उचित दर पर माल ना देना व नाम मात्र का माल देकर भगा देना जैसी स्थिति बनी हुई है जिससे आम व्यापारी व छोटा व्यापारी त्रस्त है व ग्राहकों को दुगनी दामों पर बेचने को मजबूर है आखिर इन जहरीले पदार्थों के सेवन पर सरकार द्वारा अंकुश क्यों नहीं लगाया जाता जो युवाओं के रगों में नशे का जहर खोल रहा है जिससे नशे की गिरफ्त में लिप्त युवा दोगुना 3 गुना दाम देकर भी अपने नशे की क्षुधा को शांत करने में लगा हुआ है

जुर्माना अधिरोपित

पन्ना। अपर कलेक्टर जे.पी. धुर्वे ने देवेन्द्रनगर तहसील के आधार पंजीयन केन्द्र की संचालिका कु. संजना रजक पर आधार अधिनियम का उल्लंघन करने पर 5 हजार रूपये का जुर्माना अधिरोपित करने की कार्यवाही की है। उक्त केन्द्र पर निर्धारित राशि से अधिक राशि लेने की शिकायत मिलने पर जुर्माने की कार्यवाही की गई है। संबंधित को तीन दिवस में ई गवर्नेंस सोसायटी के बैंक खाते में जुर्माने की राशि जमा करने के निर्देश दिए गए हैं अन्यथा आधार पंजीयन मशीन को जप्त कर पंजीयन आई.डी. ब्लैक लिस्ट करने की एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण

टीकाकरण केंद्र पहुंचकर देखी व्यवस्थाएं

पन्ना। कलेक्टर संजय कुमार मिश्र ने बुधवार को धान खरीदी केंद्र तारा का निरीक्षण कर किसानों की सुविधाओं और धान खराब होने से बचाने के लिए तत्काल जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित नायब तहसीलदार को प्लेटफार्म पर खरीदी सुनिश्चित कराने और सत्त मॉनिटरिंग के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने सिमरिया के खरीदी केंद्र का जायजा भी लिया।जिला कलेक्टर ने सिमरिया और बघवार कला के कोविड टीकाकरण केंद्र में पहुंचकर टीकाकरण कार्य की प्रगति देखी और वैक्सीनेशन टीम के कर्मचारियों को लक्ष्यपूर्ति के निर्देश दिए। टीका लगवाने पहुंचे नागरिकों से चर्चा कर अन्य लोगों को टीका लगवाने के लिए जागरूक और प्रेरित करने की अपील की।

नामांकन के साथ जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा

पन्ना। त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन में आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को नाम निर्देशन पत्र के साथ जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया है।उप जिला निर्वाचन अधिकारी जे.पी. धुर्वे ने इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही के लिए सहायक रिटर्निंग अधिकारी राजेन्द्र मिश्र और एस.के. तोमर सहित पन्ना, पवई, अजयगढ, गुनौर और शाहनगर के रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित

पन्ना। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजय कुमार मिश्र ने म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के तहत त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन शांतिपूर्ण, स्वंतत्र और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए तथा लोक शांति व्यवस्था एवं सुरक्षा बनाए रखने के दृष्टिगत निर्धारित समयावधि में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है।अब किसी भी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति द्वारा रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर, डी.जे. इत्यादि का उपयोग करने पर प्रतिबंध रहेगा। इसी तरह चिकित्सालय, नर्सिंग होम, दूरभाष केन्द्र, न्यायालय, शिक्षण संस्था सहित छात्रावास, सरकारी और स्थानीय प्राधिकरण के कार्यालय तथा बैंक से 200 मीटर की दूरी तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग वर्जित रहेगा। मनोरंजन, व्यापार अथवा कारोबार के विज्ञापन के लिए भी ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग नहीं किया जाएगा।संबंधित एसडीएम अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था, लोकशांति, लोक सुरक्षा और आदर्श आचार संहिता से संबंधित बिन्दुओं पर परीक्षण के बाद इनके उपयोग की अनुमति प्रदान कर सकेंगे, लेकिन उल्लंघन की स्थिति में ध्वनि विस्तारक यंत्र को अधिग्रहित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त संबंधित के विरूद्ध 6 माह तक की कैद अथवा 1 हजार रूपये तक जुर्माना अथवा दोनों से दण्डित करने की कार्यवाही की जाएगी।

शस्त्र लाइसेंस निलंबित–जिला दण्डाधिकारी द्वारा जिले में स्वीकृत शस्त्र लाइसेंसधारियों के शस्त्र लाइसेंस निलंबित करने की कार्यवाही कर चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने तक संबंधित थाना में जमा कराने के लिए निर्देशित किया गया है। न्यायिक, राजस्व, पुलिस अधिकारी, सार्वजनिक उपक्रम, बैंक, वित्तीय संस्था की सुरक्षा के लिए तैनात सुरक्षाकर्मी सहित शासकीय ड्यूटी पर कार्यरत सेना, अर्द्धसेनिक बल, विशेष सशस्त्र बल, पुलिस बल और होमगार्ड के अधिकारी और जवान पर आदेश लागू नहीं होगा।

सशस्त्र जुलूस पर प्रतिबंध–जिला दण्डाधिकारी द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 44 के तहत पन्ना जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर किसी भी व्यक्ति, राजनैतिक दल, अभ्यर्थी के सशस्त्र जुलूस निकालने, आपत्तिजनक नारे एवं पोस्टर लगाने, सामग्री वितरित करने पर रोक लगाई गई है। भी? और जनसमूह एकत्र करने, धरना, प्रदर्शन, घेराव और नारेबाजी करने पर भी प्रतिबंध रहेगा। इसी तरह धार्मिक संस्थान, अस्पताल, शैक्षणिक संस्था, साइलेंट जोन और इसके आस-पास आम सभा और रैली पर भी रोक रहेगी। सुरक्षा बल, बैंक गार्ड, कानून व्यवस्था के लिए ड्यूटीरत शासकीय कर्मचारी और शासकीय एवं निर्वाचन कार्य के संपादन में लगे कर्मचारियों, जिन्हें लाठी और शस्त्र रखना जरूरी है, को छो? कर अन्य लोगों पर आग्नेय अथवा घातक शस्त्र, हथियार और विस्फोटक सामग्री लेकर घर से बाहर निकलने पर रोक रहेगी।

दो अपराधी जिला बदर घोषित

पन्ना,। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय कुमार मिश्र ने पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर दो अपराधियों के विरूद्ध एक वर्ष के लिए जिला बदर की कार्यवाही की है। अपराधी बिल्लू उर्फ प्रवीण सिंह तनय रामबाबू सिंह ठाकुर ,राहुल उर्फ वासुदेव चौरसिया तनय सुरेश चौरसिया के विरूद्ध म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम की धाराओं में जिला बदर की कार्यवाही की गई है।

श्री मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं गजरथ महोत्सव के पहले दिन धूम धाम से किया जाएगा ध्वजारोहण

तेंदूखेडा। आज से श्री मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं गजरथ महोत्सव का मंगल आर्शीवाद युग शिरोमणि आचार्य गुरूवार 108 श्री विद्यासागर जी महामुनिराज, मंगल सानिध्य प्रथम निर्यापक ज्येष्ठ व श्रेष्ठ श्री 108 समय सागर जी महाराज ससंघ एवं आर्यिका रत्न 105 अकम्पमति मति माता जी ससंघ मंगल सानिध्य में प्रारंभ होने जा रहा है। गजरथ महोत्सव के प्रथम दिन धूमधाम से ध्वाजा रोहण गजरथ स्थल पर किया जाएगां। इसके अलावा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न होगे। इसके पूर्व नगर के तिरहे, चैराहो को विभिन्न रंगो के गेट व पंडलो से सजाया गया है। नगर के डिवाईडरो को पांच कलरो के कपडो के बंधन बांधकर सजाया है। है। इसके अलावा नगर के सभी देवी देवदातोओ के मंदिरो में रंग विरंगी बिजली की झालरो से सजाने की व्यवस्था की गई है। नगर की सकल जैन के घरो में बिजली की झालरो से सजाए गए है साथ ही घरो के सामने गेट बनवाए गए है। जिस कारण तेंदूखेडा नगर भव्य दिखाई दे रहा है। गजरथ समिति के अध्यक्ष निर्मल कुमार मोदी एवं सकल जैन समाज के अध्यक्ष अरविन्द कुमार मोदी एवं नगर की सकल जैन समाज ने जिले के सभी धर्म प्रेमी बन्धुओ से महोत्सव में शामिल होने के लिए सादर आमंत्रित कर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

नो-ड्यूज प्रमाण पत्र के लिए निर्देश

पन्ना।।राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायत चुनाव ल?ने वाले अभ्यर्थियों को नामांकन के साथ विद्युत विभाग का नो-ड्यूज प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया है। इस संबंध में म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के कार्यपालन यंत्री को नामांकन स्थल पर कर्मचारियों को तैनात कर आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है। इससे सभी अभ्यर्थियों को समय पर नो-ड्यूज प्रमाण पत्र मिल सकेगा और अभ्यर्थी नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने से वंचित नहीं होंगे।

ट्रांसफार्मर का तेल ऑयल चोरी करते पकडे गए चोर ,पुलिस ने नहीं किया मामला दर्ज

लाइट फाल्ट कर ट्रांसफार्मर से निकाला ऑयल, पुलिस नहीं कर रही नामजद रिपोर्ट दर्ज इमलिया चौकी का कारनामा

तेंदूखेड़ा । मंगलवार रात्रि 11 बजे तेजगढ़ विद्युत कंपनी के अंतर्गत आने वाले रंगेदा हार जो इमलिया चौकी के अंतर्गत आता है गांव की 3 लोगों द्वारा पहले लाइट को फाल्ट किया गया उसके बाद ट्रांसफार्मर से उसका आयल चोरी किया गया जिसके कारण पूरे क्षेत्र की लाइट बंद रही जब इस संबंध में दूसरे दिन बुधवार को गांव वालों एवं विद्युत मंडल के कर्मचारियों द्वारा बताए गए तीन लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करानी चाहिए लेकिन इमलिया पुलिस द्वारा नामजद रिपोर्ट दर्ज करने से इनकार किया गया और तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ केवल आवेदन लिया गया

इनका कहना–

घटना के संबंध में विद्युत कंपनी के ए ई आर एस डाबर ने कहा कि तीन लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराने कर्मचारी को भेजा गया था लेकिन पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज करने से मना किया अज्ञात लोगों खिलाफ आवेदन लिया गया है जबकि ऐसा पूर्व में भी कई बार हो चुका है लेकिन पुलिस सहयोग नहीं कर रही है

इस संबंध में एसडीओपी अशोक चौरसिया ने कहा कि मुझे जानकारी लगी है मैं इमलिया चौकी प्रभारी से बात करता हूं

सप्ताह भर में तीसरी घटना

रूकने का नाम नही ले रहा है लाल आतंक का कहर लगातार पर्चे टांगकर नक्सली दे रहे आगजनी की घटना को अंजाम

बालाघाट, नवप्रदेश। जिले में लगातार नक्सलियों द्वारा आगजनी की घटनाओ को अंजाम देकर हो रहे निर्माण कार्य में रूकावट डालने का प्रयास किया जा रहा है। एक सप्ताह के भीतर नक्सलियों द्वारा तीसरी निर्माण कार्य में लगे वाहनो को जलाया गया है। पहली घटना बिरसा थाना क्षेत्र में निर्माण कार्य में लगे रोड़ रोलर को जलाया गया था। दूसरी घटना किरनापुर थाना क्षेत्र में मिक्सर मशीन सहित दो ट्रेक्टर को आग के हवाले किया था। फिर तीसरी घटना में ८ दिसम्बर की देर शाम को रूपझर थानांतर्गत बिठली चौकी क्षेत्र में बिठली-पाथरी रोड पर मांडवा के पास एक मोटर साइकिल समेत अन्य मशीनरी को आग के हवाले कर दिया है। इस वारदात में नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ के ठेकेदार संजय अग्रवाल के वाहन और मशीनरी जलाई हैं। पुलिस सतर्कता के बीच वारदातों को अंजाम देकर नक्सली ठेकेदारों में दहशत फैला रहे हैं।

लगातार चढ़ रहा नक्सली दहशत का पारा

जानकारी के अनुसार नक्सलियों द्वारा की गई आगजनी की घटनाओ का मामला शांत भी नही हो पाया था कि फिर ८ दिसम्बर की रात्री करीब ८-९ बजे के बीच बिठली पुलिस चौकी के पाथरी मार्ग पर ग्राम मंडवा में संचालित डामर प्लांट में खडी जेसीबी मशीन व रोड रोलर को आग लगा दिये और बेनर पर्चे टांग दिया। बताया जाता है कि इसके पूर्व लगभग २५-३० की संख्या में पहूंचे नक्सलियों ने मौके पर मौजूद डामर प्लांट में कार्यरत् कर्मचारियों के 7-8 मोबाईल छिन लिये और उन्हे वहां से खदेड दिया। साथ ही सुपरवाईजर गज्जू के साथ मारपीट भी की। फिर उसके बाद नक्सलियों ने अपना रौद्र रूप दिखाते हुए प्लांट में खडी जेसीबी व रोलर मशीन समेत एक बाईक को फूंक दिया। साथ ही प्लांट के कर्मचारियों के रहने हेतू बनाई गई झोपडी में नक्सलीयों ने बेनर बांधकर व पर्चे फेंककर क्षेत्र में दहशतगर्दी फैला दी है। जिससे साफ जाहिर हो रहा है कि बालाघाट जिले में नक्सली दहशत का पारा और अधिक चढ़ गया है।

लगातार कर रहे बंद का आव्हान

पुलिस सतर्कता के बीच वारदातों को अंजाम दे रहे नक्सली ठेकेदारों के लिए नासूर बनते जा रहे हैं। नक्सलियों द्वारा सप्ताह भर में आगजनी की तीसरी वारदात को अंजाम देकर 10 दिसंबर को बंद का आव्हान कर रहे हैं। वारदातों को अंजाम दे रहे नक्सली घटना स्थल पर पर्चे छोड़कर 10 दिसंबर को महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में बंद सफल कराने को लेकर उत्पात मचा कर बंद का आव्हान कर रहे हैं। साथ ही टांगे गये पर्चो में महाराष्ट्:, मप्र और छग जोनल कमेटी के सदस्य मिलिंद तेलतुमडे और अन्य 26 नक्सलियों के मारे जाने पर उनकी शहादत खाली ना जाने देने का उल्लेख किया है। बताया जा रहा है कि नक्सलियों द्वारा जलाये गये डामर प्लांट रायपुर निवासी ठेकेदार संजय अग्रवाल का है जो हाल ही में प्रारंभ किया गया था। ठेकेदार संजय अग्रवाल के द्वारा डाबरी से चौरिया- पौसेरा सडक, देवरबेली से मलकुंआ कोरका, लातरी फाटा से कुर्रेझरी सडक और जालदा से माडी तक सडक निर्माण कार्य का ठेका लिया गया है जो वर्तमान में चल रहा था, किंतु इन नक्सली वारदातो के चलते वे सभी निर्माण कार्य बंद करवा दिये गये है। जिससे साफ जाहिर हो रहा है कि जिला प्रशासन ने सडक के माध्यम से जिस प्रकार नक्सवाद का रास्ता रोकने का जो ख्वाब देखा था, नक्सली उस पर पानी फेरते नजर आ रहे है।

जनवरी माह में होगा राज्यस्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन, प्रतियोगिता के लिए टीम हुई रवाना

बालाघाट, नवप्रदेश। प्रदेश कबड्डी संघ उपाध्यक्ष राजेश पाठक के नेतृत्व में पूरे जिले में कबड्डी खेल और खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के माध्यम से बड़ा मंच प्रदान करने निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में आगामी जनवरी माह के दिनो में मुख्यालय में राज्यस्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है, जिसकी तैयारियां प्रारंभ हो गई है। 9 दिसंबर को कबड्डी संघ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष राजेश पाठक ने स्थानीय शीतल पैलेस होटल में प्रेसवार्ता लेकर जानकारी देते हुए बताया कि भींड जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कब्बड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने बालाघाट जिले से जूनियर खिलाडियों की टीम रवाना हो चुकी है। जो भिंड जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कब्बडी प्रतियोगिता में भाग लेगी। कबड्डी संघ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष राजेश पाठक ने बताया कि जिले में कब्बड्डी संघ द्वारा गांव गांव में कब्बड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जहां महिलाओं में भी इस खेल का लेकर उत्साह नजर आया। जिसको लेकर जिला कब्बड्डी संघ ने आगामी दिनो में जिले में ही राज्य स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता कराये जाने का निणज्य भी लिया है। जहां प्रतियोगिता में करीब 40 टीमो का शामिल करवाया जायेगा। श्री पाठक ने कहा कि खिलाड़ियों को राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के माध्यम से मंच प्रदान करने की मंशा से आगामी दिनो में प्रदेश कबड्डी संघ के दिशा निर्देश पर जिला कबड्डी संघ द्वारा बालाघाट में राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसको लेकर नगर के मुलना मैदान का प्रतियोगिता आयोजन के लिए निरीक्षण भी किया गया। जिले में महिला कबड्डी की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए स्थल चयन से तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। क्योंकि आगामी जनवरी माह में 7 से 10 जनवरी तक चार दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जायेगा। संभवत: वारासिवनी में कुछ मैच खिलाये जा सकते है। कबड्डी संघ के द्वारा जिले के ग्रामीण अंचलो से प्रतिभाओं को तराशकर एक टीम का गठन किया जायेगा, जो भविष्य में राज्य स्तर या नेशनल स्तर पर हिस्सा लेकर जिले का नाम रोशन करेगी। महिला टीम को जिला और राज्यस्तरीयप्रतियोगिता में भेजकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का प्रयास निरंतर जारी है। इस दौरान जिला अध्यक्ष राजेश पाठक, उमेश जायसवाल, रमेश दीक्षित, राजेश जी, अनिल गुरनानी मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट की शाखाओं का किया आकस्मिक निरीक्षण में 30 कर्मचारी मिले नदारद, कटेगा एक दिन का वेतन

बालाघाट, नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने आज 09 दिसंबर को प्रात: 11 बजे कलेक्ट्रेट की विभिन्न शाखाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तृतीय श्रेणी के 23 एवं चतुर्थ श्रेणी के 07 कर्मचारी प्रात: 11 बजे तक कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए थे। समय पर उपस्थित नहीं होने वाले इन कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये गये है। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्री शिवगोविंद मरकाम, संयुक्त कलेक्टर सीताराम प्रधान, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती आयुषी जैन भी मौजूद थी। कलेक्टर डॉ मिश्रा 09 दिसंबर को प्रात: 11 बजे अचानक वित्त/स्थापना शाखा पहुंचे तो वहां पर कार्यरत कोई भी कर्मचारी प्रात: 11 बजे तक उपस्थित नहीं था। निरीक्षण के दौरान कार्यालय अधीक्षक के पास उपलब्ध हाजिरी रजिस्टर के अनुसार पीएस मर्सकोले, धनेन्द्र कुमार गौतम, मानसिंह परते, निजाम कुरैशी, आर के शिंदे, श्रीमती माया असाटी, चंदन खैरवार, विनोद वर्मा, श्रीमती प्रतिभा मते, श्रीमती रीना धारणे, श्रीमती तरूण बेदी, रवि प्रसाद गनवीर, श्रीमती संगीता पाटिल, मोहम्मद सैफ खान, श्रीमती शक्ति ठाकरे, राकेश देशमुख, आशुतोष पटले, श्रीमती रूचि शुक्ला, राजेन्द्र मस्करे, सचिन शर्मा, जाहीर अली, रामेश्वर नागवंशी, आरीफखान, भृत्य अवधेश श्रीरंग, श्रीमती गंगोत्री सहारे, देवेन्द्र कुमार शुक्ला, अजय जंगी, श्रीमती उर्मिला उदयपुरे, राजकुमार रहांगडाले, विनय नगपुरे कार्यालय नहीं पहुंचे थे। इन सभी कर्मचारियों का एक दिन वेतन काटने के निर्देश दिये गये है। तृतीय श्रेणी के 23 एवं चतुर्थ श्रेणी के 07 कर्मचारियों की अनुपस्थिति दर्ज की गई, जिनका एक दिवस का अवैतनिक अवकाश घोषित कर वेतन काटने के निर्देश प्रभारी अधिकारी को दिये गये ।विभागीय जांच शाखा में पदस्थ लिपिक एफएल. बोकड़े निर्देशित किया गया कि वे विभागीय जांच के प्रकरणों की समय पर जांच पर्ण कराना सुनिश्चित करें। वरिष्ठ शाखा लिपिक सुश्री रजनी श्रीवास्तव को निर्देशित किया गया कि वे शाखा में प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों की पंजी संधारित करें। शासकीय आवास आवंटन के मामले में प्राप्त आवेदन पत्रों की पंजी संधारित करें। मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान शाखा के निरीक्षण के दौरान शाखा लिपिक रवी गनवीर सहायक ग्रेड-3 द्वारा पंजी संधारण को लेकर सही जवाब नहीं देने एवं विगत आयोजित बैठक में दिये गये निदेर्शों का पालन

कलेक्ट्रेट में कराया गया धर्मेन्द्र एवं श्यामलता का विवाह

बालाघाट, नवप्रदेश। विशेष विवाह अधिनियम के अंतर्गत अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी शिवगोविंद मरकाम ने आज 9 दिसम्बर 2021 को कलेक्ट्रेट कायाज़्लय बालाघाट में धर्मेन्द्र और श्यामलता का विवाह सम्पन्न कराया और उन्हें विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया। लालबर्रा तहसील के ग्राम गारापुरी निवासी 22 वर्षीय धर्मेन्द्र नारबोदे एवं ग्राम गारापुरी की ही निवासी 22 वर्षीय श्यामलता कुमरे ने विशेष विवाह अधिनियम के अंतर्गत विवाह कराने के लिए आवेदन दिया था। 09 दिसम्बर को अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी श्री शिवगोविंद मरकाम के समक्ष धर्मेन्द्र और श्यामलता का विवाह कराया गया। वर- वधु ने वरमाला पहनाकर एक दूजे का मुंह मीठा करवाया और जीवन भर साथ निभाने का संकल्प लिया। विशेष विवाह अधिकारी श्री मरकाम ने नव विवाहित जोड़े को सुखी वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनायें एवं बधाई दी।

मंत्री कावरे ने मानेगांव एवं अमेडा धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

बालाघाट, नवप्रदेश। मध्यप्रदेश शासन के आयुष मंत्री रामकिशोर कावरे ने आज 09 दिसंबर को मानेगांव एवं अमेडा के धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद किसानों के साथ चर्चा कर धान खरीदी के संबंध में प्रबंधक को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। मंत्री श्री कावरे ने अपने सामने धान की बोरी तुलवा कर कांटे की जांच की नाप तोल उचित प्रकार से करने एवं कांटे के नाम पर अधिक मात्रा में धान न लेने के निर्देश दिए। मंत्री श्री कावरे ने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी प्रकार की गड़बड़ी या शिकायत पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जावेगी। धान खरीदी केंद्रों पर किसानों के बैठने एवं पीने के पानी की व्यवस्था उत्तम करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने खरीदी केन्द्र में बारदाने, किसानों को एसएमएस भेजने एवं अन्य व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने केन्द्र के प्रभारी से कहा कि किसानों से खरीदा गया धान एफएक्यू क्वालिटी का होना चाहिए और प्रति बोरी निर्धारित मात्रा में ही धान तौला जाये। वहीं दूसरी ओर इस सबन्ध में राजीव सोनी प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बालाघाट ने बताया कि आज 09 दिसंबर को धान खरीदी केंद्र अमेडा, पायली, खुरसोड़ी, गोगलई का निरीक्षण किया गया। साथ ही उपस्थित कर्मचारियों व नोडल अधिकारी से चचाज़् करते हुये कहा कि शासन के मापदंड के अनुसार ही धान खरीदी की जावे। इस दौरान किसानों को प्रतिदिन आ रहे मैसेज के बाद ऐसे किसानों से अलग से सपंर्क करे ताकि वे निर्धारित समय मे अपना धान खरीदी केंद्र में ला सके।

दो छात्राओं को शिक्षा के लिए दी गई 10-10 हजार रुपये की सहायता राशि

बालाघाट, नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने दो गरीब छात्राओं को कालेज की पढ़ाई के लिए जिला रेडक्रास सोसायटी की ओर से 10-10 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की है। बालाघाट की निवासी छात्रा कुमारी सानिया खान एवं आर्शिया खान ने गरीब के कारण कालेज की पढ़ाई में आ रही समस्या को देखते हुए कलेक्टर डॉ मिश्रा से मुलाकात कर मदद की गुहार लगाई थी। कलेक्टर डॉ मिश्रा ने इन छात्राओं की आर्थिक स्थिति को जानने के बाद उन्हें जिला रेडक्रास सोसायटी से 10-10 हजार रुपये की राशि प्रदान की है।

दो पटवारियों को निलंबित करने एवं दो पटवारियों की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश

बालाघाट, नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने 08 दिसंबर को राजस्व अधिकारियों की वीडियो कार्फ्रेंस में तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के राजस्व न्यायालय में लंबित प्रकरणों एवं राजस्व प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सीएम किसान कल्याण योजना में किसानों के सत्यापन के प्रकरण अधिक संख्या में लंबित रहने के कारण बालाघाट तहसील के ग्राम खोड़सिवनी के पटवारी आशीष वर्मा को दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिये गये।

इसी प्रकार खैरलांजी के पटवारी द्वारपाल पारधी की 01 वेतन वृद्धि रोकने तथा खैरलांजी तहसील अंतर्गत सावरी के पटवारी योगेश उईके एवं लांजी तहसील के पटवारी केवल अग्निहोत्री को निलंबित करने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकरण में पांढरवानी के पटवारी शिवलाल अड़मे एवं जाम के पटवारी राजबीर बघेल को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये है।

इन्द्रजीत प्रीमियर लीग: रोमांचक मुकाबलों में सी9 बॉयस व देवधर वारासिवनी ने दर्ज की जीत

बालाघाट, नवप्रदेश। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ एवं रॉयल क्रिकेट एकेडमी बालाघाट के संयुक्त तत्वाधान में सहयोग हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेटंर गोंदिया द्वारा प्रायोजित इन्द्रजीत प्रीमियर लीग में गुरूवार को दो मुकाबले खेले गए ।गुरूवार के मैच में मुख्य अतिथि के रूप में युथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत भूरिया, पार्षद महाल नगपूरे, बंटी सिलके तथा भारतीय राष्ट्रीय संगठन म.प्र. के पूर्व प्रदेषाध्यक्ष हेमंत वागद्रे मंचासीन रहे। गुरूवार को इन्द्रजीत प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का पहला मुकाबला बैंडिट बॉयस बालाघाट व सी9 बॉयस के मध्य खेला गया। बैंडिट बॉयस ने बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाए। जिसमें संदीप भिमटे ने 42 रन एवं राजू राजूरकर ने 26 रन बनाए। सी9 बॉयस के तरफसे गेंदबाजी में कमल त्रिपाठी ने 5 विकेट अपने नाम किए। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी सी9 बॉयस नें 149 रन के लक्ष्य को 6 विकेट खोकर आसानी से प्राप्त कर लिया जिसमें मो. करीम ने 47 रन बनाए तो वहीं पियुष नेवारे ने 36 रनों का योगदान दिया। बैंडिट बॉयस की तरफ से गेंदबाजी में अंकित हरिनखेड़े व लक्की ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। इस प्रकार कल का पहला मैच सी9 बॉयस ने 4 विकेट से अपने नाम किया। वहीं गुरूवार को दूसरा मैच देवधर वारासिवनी व सीएसके बालाघाट के मध्य खेला गया जिसमें जिसमें देवधर वारासिवनी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पूरे 10 विकेट के नुकसान पर 135 रन बनाए। जिसमें प्रशांत मण्डले ने 78 रन एवं राजा चौरसिया ने 17 रनों का योगदान दिया। वहीं सीएसके बालाघाट के तरफ से गेंदबाजी में मोहित ने 3 व राम ने 2 विकेट अपने नाम किए। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी सीएसके बालाघाट ने 136 रनों का लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र 134 रन ही बना सकी जिसमें अलमास पटेल ने 49 रन एवं मोहित ने 29 रन बनाए। देवधर वारासिवनी की तरफसें गेंदबाजी में अनिल व विजय ने 2-2 विकेट लिए। इस प्रकार कल का दूसरा मैच देवधर वारासिवनी ने 1 रन से अपने नाम किया ।प्रायोजित इन्द्रजीत प्रीमियर लीग में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि आज इंद्रजीत भोज द्वारा आयोजित आईपीएल बालाघाट में शिरकत करने का हमें अवसर मिला है और यहां पर उपस्थित हमारे सभी साथियों को मैं प्रणाम करता हूं। साथियों युवाओं के लिए खेल उतना ही जरूरी है जितना मछली के लिए पानी जरूरी है और अगर युवा खेल ना खेले तो उनके जवानी भी चली जाती है और सकारात्मक सोच भी खत्म हो जाती है। यह हकीकत है और जहां जहां समाजसेवी के रूप में इंद्रजीत भैया जैसे लोग हैं वहां पर युवाओं की जबरदस्त टीम हमें देखने को मिलती है और यह इनका बहुत बड़ा योगदान है कि चाहे कुछ भी हो पर युवाओं को खेल के लिए जागरूक करना है चाहे क्रिकेट हो, फुटबाल, वालीबाल या बास्केटबाल हो ऐसा कोई खेल नहीं जिसमें भैया ने योगदान ना दिया हो।

जबलपुर से मंडला तक घूम-घूमकर वाहन चोरी, 12 मोटरसाइकिलें जब्त

जबलपुर/ नव प्रदेश

दो पहिया वाहन चोरी की घटनाओं में लिप्त बदमाशों को बरेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शातिर चोरों से चुराई हुई 12 मोटरसाइकिलें जब्त की गई हैं। डीएसपी ग्रामीण अपूर्वा किलेदार ने बताया कि वाहन चोरों की पतासाजी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। गत दिवस हुई अपराध समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम व आरोपितों की पतासाजी के निर्देश दिए थे। जिसके बाद बरेला थाना प्रभारी जितेंद्र यादव के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच के साथ पुलिस टीम का गठन कर वाहन चोरों की पतासाजी शुरू की गई। इस दौरान जबलपुर से लेकर मंडला तक घूम-घूमकर वाहन चोरी करने वाले तीन बदमाशों को पकड़ा गया। जिसमें एक बदमाश ने चोरी की मोटरसाइकिल खरीदी थी। गिरफ्त में आए आरोपितों में हनी उर्फ लखन यादव 19 वर्ष निवासी भटरा मोहल्ला रिछाई बरेला, अंशुल यादव 18 वर्ष निवासी भटरा मोहल्ला बरेला तथा किशन वंशकार 49 वर्ष निवासी

बमबमपुरा बरेला शामिल हैं। किशन ने चोरी की गई मोटरसाइकिल खरीदी थी। डीएसपी ग्रामीण ने बताया कि पेट्रोलिंग के दौरान रिछाई बरेला में अंशुल व हनी को संदेह के आधार पर पकड़कर पूछताछ की गई। दोनों संदिग्ध हालत में मोटरसाइकिल एमपी 20 एमडब्लयू 2426 एवं एमपी 20 एमडब्ल्यू 1716 से घूम रहे थे। पूछताछ के दौरान वे मोटरसाइकिलों के दस्तावेज नहीं दे पाए। कड़ी पूछताछ में दोनों ने बताया कि छह माह के भीतर बरेला से तीन, तिलवारा से एक, ग्वारीघाट से एक, कुंडम से एक, खिलौता से एक, मंडला से पांच मोटरसाइकिलों की चोरी कर चुके हैं। चोरी की दो मोटरसाइकिलें किशन वंशकार को बेच दी तथा अन्य घर के पीछे झाड़ियों में छिपाकर रखी हैं। हनी व अंशुल ने बताया कि दोनों साथ में घूमकर घर, होटल व ढाबों की रैकी करते थे। जहां मास्टर चाबी का उपयोग कर वाहनों की चोरी करते थे। आरोपितों के कब्जे से जब्त पांच वाहनों में नंबर नहीं हैं। जिनके मालिकों की पतासाजी के लिए परिवहन विभाग से संपर्क किया गया है।

43 वीं अंतरक्षेत्रीय विद्युत क्रिकेट स्पर्धा जबलपुर में 9 से 13 दिसंबर तक

जबलपुर/ नव प्रदेश। मप्र पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 9 से 13 दिसंबर तक 43 वीं अंतरक्षेत्रीय विद्युत क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन 9 दिसंबर को सायं 4.00 बजे रामपुर स्थित पाण्डुताल मैदान में होगा। प्रतियोगिता के मैच 10 दिसंबर से मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन

(एमपीसीए) के नीमखेड़ा क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे।प्रतियोगिता में मेजबान केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर, जबलपुर क्षेत्र, सागर, रीवा, इंदौर, उज्जैन, भोपाल, ग्वालियर, श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी, अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई, संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर व टोंस जल विद्युत गृह सिरमौर सहित कुल 13 टीमें भाग लेगी। एमपीसीए नीमखेड़ा क्रिकेट स्टेडियम में प्रत्येक दिन प्रात 9.00 बजे से 20-20 ओवर के चार मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता नॉक आउट आधार पर खेली जाएगी। प्रतियोगिता में सभी मैचों में अम्पायरिंग का दायित्व बिजली कंपनियों के वरिष्ठ खिलाड़ी व स्टेट लेबल अम्पायर सुबोध धांडे, अनिल शर्मा व संदीप बर्मन निभाएंगे। पिछली अंतरक्षेत्रीय विद्युत क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा व उपविजेता सागर क्षेत्र की टीम रही थी।

ये रहेंगे टीम में प्रतियोगिता के लिए केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर ने 14 सदस्यीय टीम घोषति कर दी है। टीम इस प्रकार है- विनोद सिंह राजपूत (कप्तान), आनंद गुप्ता, तरूण विजयकर, दिग्विजय सिंह चौहान, इकबाल खान, संजय झरबड़े, अमिनूर रहमान, धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, रोहित कुमार मनद्रहा, अशोक कुमार, नरोन्हा, अतुल यादव व देवेन्द्र चढ़ोकार। स्टेंड बाय खिलाड़ी हैं आशीष डोंगरे व राज नारायण श्रीवास्तव।

नदी को जानो अभियान के लिए पंजीयन 10 तक

जबलपुर/ नव प्रदेश

युवाओं को नदियों की महत्ता से अवगत कराने के लिए शासकीय महाकोशल कालेज में नदी को जानो अभियान स्पर्धा का आयोजन किया गया है। स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के संयोजन में यह स्पर्धा हो रही है। स्पर्धा की जानकारी प्रदान करते हुये डॉ. अरुण शुक्ल ने बताया कि रिसर्च फार रिसर्जन्स फाउंडेशन द्वारा यह स्पर्धा की जा रही है। प्रतियोगिता में नदी संरक्षक के महत्व जैसे नदियों को सुरक्षित और संरक्षित रखना, बाढ़ और सूखा जैसी आपदाओं के संबंध में जागरुकता, नदियों को पुनर्जीवन प्रदान करना, नदी को जानो अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत की समस्त नदियों का एक डाटा बेस तैयार करना है इससे अनुसंधान और संबंधित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में मदद मिलेगी, देश के युवाओं को नदियों के महत्व के प्रति जागरुक करना है। डॉ. अरुण शुक्ल ने बताया कि स्पर्धा में जबलपुर संभाग के शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय के अधिक से अधिक विद्यार्थी 10 दिसंबर तक

उक्त प्रतियोगिता में पंजीयन करवा सकते हैं।

रादुविवि में 15 दिसंबर से रोजगार मेले की तैयारी - करियर गाइडेन्स काउंसलिंग ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा 15 दिसंबर से तीन दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। निश?शुल्क रोजगार मेले के आयोजन के संबंध में कुलपति प्रो.कपिल देव मिश्र ने समीक्षा की। कुलपति कक्ष में आयोजित बैठक में रोजगार मेले के आयोजन के लिए अभी तक 800 विद्यार्थियों के पंजीयन हो चुके हैं। मेले में 30 कंपनियां जुड़ गई है। 10 वें रोजगार मेले में वोकल फ़ॉर लोकल के तहत इस बार स्थानीय कंपनियों को अधिक अवसर प्रदान किया जा रहा है। बैठक में प्रो सुरेन्द्र सिंह, समन्वयक, करियर गाइडेंस काउंसलिंग ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ, प्रो धीरेंद्र पाठक, एसएल कोरी, प्रबंधक, जिला उद्योग कार्यालय, डॉ नीलेश पांडे, अखिलेश चौबे, अध्यक्ष, विवेक राजपूत, राज कुमार पटेल, करियर गाइडेंस काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के डॉ अजय मिश्रा, डॉ मीनल दुबे आदि उपस्थित रहीं।

आटो में जेब काट रही महिलाएं सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई

जबलपुर/ नव प्रदेश। आटो में सवार यात्रियों की जेब काटने वाली महिलाओं की कोतवाली पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि अधारताल से दमोहनाका के बीच संचालित कुछ आटो में महिलाओं की चोर गैंग के सक्रिय होने का पता चला। दरअसल, आधारताल निवासी माया रैकवार पायल खरीदने के लिए सराफा बाजार जा रही थीं। पति के साथ आटो में सवार होकर वे कटरा से सराफा पहुंचीं। जिसके बाद उन्होंने एक दुकान से पायल खरीदी। पायल की कीमत चुकाने के लिए उन्होंने पर्स खोला तो उसमें रखे 15 हजार रुपये गायब थे। उन्होंने कोतवाली थाना में शिकायत की। जिसके बाद सीसीटीवी कैमरों की सहायता से आटो की पहचान करने की कोशिश की गई। सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि घटना के दौरान आटो में कुछ और महिलाएं सवार थीं। जिन्होंने चलती आटो में पर्स से पैसे पार कर दिए थे। फुटेज के आधार पर उनकी तलाश की जा रही है।

शराब पीकर वाहन चलाने पर होगी एफआइआर

शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े जाने पर वाहन चालकों को मुसीबत का सामना करना पड़ सकता है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात संजय अग्रवाल ने ऐसे चालकों के खिलाफ धारा 185 के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एएसपी अग्रवाल ने बताया कि नशे की हालत में वाहन चलाने के कारण सड़क हादसों की आशंका बनी रहती है। इसलिए यातायात पुलिस द्वारा ब्रीथ एनालाइजर से वाहन चालकों की जांच कर नशे की हालत में होने का पता लगाने अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान शराब अथवा अन्य मादक पदार्थ के नशे में मिलने वाले चालकों के वाहन धारा 185 के तहत जब्त किए जा रहे हैं।

जबलपुर में सुबह से छाए बादल, सिहरा रही ठंडी हवा

जबलपुर/ नव प्रदेश

पश्चिम विक्षोभ के असर से जबलपुर में मौसम का मिजाज बिगड़ा गया। सुबह से ही आसमान पर बादल छाए हैं। जबलपुर में बारिश तो नहीं हुई लेकिन गुरुवार को सुबह से ही बादल छाए हैं। हालांकि कभी कभी सूरज भी बादलों की ओट से झांक रहा है। लेकिन चमक फीकी है। वही ठंडी हवा भी लोगों को सिहरा रही है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान और गिर सकता है।

गत शाम से ठंड का अहसास अचानक बढ़ गया। ठंडी हवा के झोंके लोगों को सिहराते रहे। रात में भी ठंडी हवा अपना असर दिखाती रही। ठंड से बचने लोग गर्म कपड़ों में दुबके नजर आए। यहां तक की ठंड से बचने के लिए सड़क, फुटपाथ पर रहने वाले कचरा एकत्र बकर उसमें आग लगाकर तापते दिखे। नगर निगम दौरा अभी तक अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक अरब सागर में बने सिस्टम के चलते जबलपुर सहित आस-पास के जिलों में भी बादल छाएं हैं। अभी एक दो दिन मौसम ऐसा रहेगा।

हवा का रुख उत्तर-पूर्वी

मौसम विभाग के मुताबिक वर्तमान में हवा का रुख उत्तर-पूर्वी है। हवा दो किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रही है। पहाड़ों से आ रही ठंडी हवा से वातावरण में हल्की ठंडक महसूस की जा रही है। खासतौर से मैदानी क्षेत्रों में ठंड का अहसास ज्यादा रहा।

ऐसा है आज का तापमान - गुरुवार को बादल के कारण सुबह अधिकतम तापमान 17 डिग्री रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 16 डिग्री तक पहुंच गया

जबलपुर में कोविड के 11 एक्टिव केस

शिशु हृदय रोग विशेषज्ञ सहित तीन नए संक्रमित मिले, चेन्नई कार्यशाला से होकर लौट थे डॉक्टर

जबलपुर/ नव प्रदेश

जिले में कोविड संक्रमितों का एक्टिव केस दहाई के आंकड़े को पार कर गया है। बुधवार 08 दिसंबर को तीन नए संक्रमित सामने आए। संक्रमितों में एक शिशु हृदय रोग विशेषज्ञ भी शामिल हैं। उधर, जर्मनी के युवक के संपर्क में आए 40 लोगों में तीन और संभागायुक्त के संपर्क में आए 70 लोगों में 6 संदिग्धों के फिर से सैंपल लिए जा रहे हैं।

जबलपुर में बुधवार को 5316 सैंपल की रिपोर्ट प्राप्त हुई थी। इसमें तीन लोग जहां संक्रमित मिले हैं। वहीं दो संक्रमित स्वस्थ्य होकर घर पहुंच गए हैं। तीनों संक्रमित में एक शिशु हृदय रोग विशेषज्ञ शामिल

हैं। वे चेन्नई में एक कार्यशाला में शामिल होकर शहर लौटे है। तीन नए संक्रमितों के बाद अब तक जिले में कुल 50 हजार 821 लोग संक्रमित हो चुके हैं। वहीं डिस्चार्ज किए गए दो संक्रमितों सहित अब तक 50 हजार 133 लोग स्वस्थ्य हो चुके हैं। जिले में अब तक कोविड से 675 लोगों की मौत हुई है। 08 दिसंबर तक जिले में कुल एक्टिव केस 11 हो गए हैं।

उधर, अधारताल निवासी जेटीपीसी सीईओ हेमंत सिंह के विदेशी मेहमान के संपर्क में आए 40 लोगों में तीन के नमूने संदिग्ध मिले हैं। इस कारण इन लोगों के फिर से सैंपल लेकर आरटीपीसीआर जांच कराई जा रही है। वहीं संभागायुक्त बी. चंद्रशेखर के कार्यालय में कार्यरत 70 लोगों के लिए गए सैंपल में 6 के नमूने संदिग्ध मिले हैं। इनके सैंपल में ऑफ्टर 24 आवर्स लिखा गया है। इनकी भी फिर से आरटीपीसीआर जांच कराई जाएगी।

वैक्सीनेशन की ये है रफ्तार

जिले में अब तक 36.73 लाख वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी है। कुल 19.55 लाख लोगों को जहां वैक्सीन की पहली डोज लगी है। वहीं इसमें 17.17 लाख लोग वैक्सीन की दोनों डोज लगवा चुके हैं। जिले में अभी 9 प्रतिशत लोग पहले डोज से और 12 प्रतिशत लोग दूसरे डोज लगवाने से वंचित है। सरकार ने दिसंबर तक वैक्सीनेशन पूरा करने का लक्ष्य दिया है। जिले में हेल्थ वर्कर्स, फ्रंट लाइन वर्कर्स और 45 से अधिक उम्र के लोगों का वैक्सीनेशन पूरा हो चुका है। 18 से 44 उम्र के, गर्भवती महिलाएं और स्तनपान कराने वाली महिलाएं ही वैक्सीनेशन के टार्गेट से पीछे चल रही हैं।

आत्मदाह करने वाली छात्रा मामले में खुलासा: 11वीं की स्टूडेंट को चाकू अड़ाकर आरोपियों ने फोटो खींचा था, ब्लैकमेल कर वसूल रहे थे पैसे

जबलपुर/ नव प्रदेश। जबलपुर के मस्ताना चौक रांझी निवासी 16 वर्षीय अभिलाषा उर्फ खुशी के आत्मदाह कर जान देने के मामले में पिता ने सनसनीखेज दावा किया है। पिता मुकेश जैन के मुताबिक उसकी बेटी की आरोपियों ने घर में घुसकर चाकू अड़ाकर फोटो खींच लिया था। उसी फोटो के आधार पर आरोपी मेरी बेटी को ब्लैकमेल कर पैसे वसूल रहे थे। उसने पैसे देने से मना कर दिया तो आरोपियों ने उसे इतना टार्चर किया कि उसने आत्मदाह कर जान दे दी।

पिता मुकेश जैन के मुताबिक मेरी बेटी एक महीने पहले ट्रेन से कटने निकली थी। तब भी उसने इन आरोपियों के खिलाफ एक नोट घर में छोड़ा था। उसे मदनमहल के पास रेलवे ट्रैक से ढूंढ़ कर लाए थे। तब भी नोट पुलिस को दिया था, लेकिन कुछ नहीं हुआ। 06 दिसंबर को भी दोनों आरोपी मेरे घर में बेटी को धमकी देने आए थे। दोनों समझौता करने के एवज में इस बार 5 हजार रुपए मांग रहे थे। धमकाया था कि पैसे नहीं दिए तो तुम्हारे पिता को मार डालेंगे। मुकेश जैन के मुताबिक 06 दिसंबर को मेरी बेटी अभिलाषा उर्फ खुशी अन्य दो बहनों स्वाति व रुचि के साथ तीन घंटे तक थाने में बैठी रही। एएसआई महिमा मैडम का इंतजार करती रही। दूसरे पुलिस वाले मोबाइल में व्यस्त थे। उस समय भी दोनों आरोपी थाने तक पहुंचे थे। जब मेरी बेटी ने दोनों के बारे में पुलिस वालों को बताया, तब वे भागे। पुलिस कोई कार्रवाई की होती, तो मेरी बेटी जिंदा होती। रिश्ते में बड़े पापा निर्मल जैन ने कहा कि पुलिस ने समय रहते कोई कार्रवाई की होती तो मेरी बिटिया जिंदा होती। खुशी उर्फ अभिलाषा वीएफजे में 11वीं में पढ़ती है। डेढ़ महीने पहले उसने स्कूल से आते समय खुशी की साइकिल रोक लिया था। आरोपी कंचनपुर का रहने वाला है और यहां मस्ताना चौक चौधरी मोहल्ले में किराए से रह रहा था। घर आकर बच्ची ने बताया था। तब हम उसे समझाने गए थे। इसकी शिकायत करने पर पुलिस ने कुछ नहीं किया। परेशान होकर एक महीने पहले भी वह एक नोट छोड़कर घर से निकल गई थी। तब मैं थाने में सूचना दिया था। सीएसपी वीकल की ओर, रांझी टीआई सतपुला से आगे और मैं घमापुर पुलिस के साथ मुख्य स्टेशन से मदनमहल की ओर ढूंढ़ते हुए गया था। मदनमहल जीआरपी ने उसे रेलवे ट्रैक के पास से पकड़ा था। वह सुसाइड करने निकली थी। तब भी उसका नोट पुलिस को दिया था। पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। दो दिन तक अपने घर में उसे रखकर समझाते रहे। पुलिस ने तब तत्परता दिखाई होती तो शायद घटना ही नहीं होती। अभी हम उसके अंतिम संस्कार कार्यक्रम कर लें। इस लड़ाई को हम अंजाम तक पहुंचा कर रहेंगे। आरोपियों पर निर्भया केस की तरह बालिगों की तरह केस चलाया जाए। यहां बताते चले कि मुख्य दोनों आरोपी मजदूरी करते हैं और नाबालिग हैं। वहीं एक किशोरी भी प्रताड़ित करने वालों में शामिल है। अन्य तीन आरोपियों में इनकी मां आशा खन्ना, उर्मिला चौधरी व ममता केवट शामिल हैं।

ये है मामला

मस्ताना चौक निवासी अभिलाषा उर्फ खुशी जैन (16) ने मंगलवार 07 दिसंबर को घर में केरोसिन डालकर स्वयं को आग लगा ली थी। देर रात एक बजे उसकी मेडिकल में मौत हो गई थी। उसने सुसाइड नोट में तीन नाबालिगों सहित 6 लोगों को इसका जिम्मेदार ठहराया था। सभी आरोपियों को रांझी पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।

नव प्रदेश दैनिक अखबार में मार्केटिंग के लिए कुशल एवं अनुभवी व्यक्ति संम्पर्क करें, साथ ही समस्त जिले एवं ब्लॉक में संवाददाता नियुक्त करना है।
संम्पर्क करें:- नव प्रदेश कार्यालय
होटल सन पैलेस, भाटिया टायर के पीछे
पुराना बस स्टैंड, जबलपुर (म.प्र.)
फोन: 0761- 4924975
मों: 7000721804, 9301649115

1 ग्राम ए.डी. एवं फैंसी ज्वेलरी के थोक विक्रेता
पूजा जैसा कोई न दूजा
पूजा इमीटेशन

पेपर कटिंग लाने पर एक जोड़ी ईयर रिंग फ्री
1ग्राम गोल्ड शोरुम
मात्र 800 की खरीदी पर एक आईक्रोनिक काजल फ्री
पताः चूड़ी गली, अन्नपूर्णा मार्केट, गंजीपुरा, जबलपुर (म.प्र.) मों: 9826243750

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 402, कौशल्या विहार, नेपियर टाउन 482001 प्रकाशित, संपादक-सुशील दत्त
प्रबंध संपादक- जगदीश सकतेल, सह प्रबंध संपादक- शिवचरण समुद्रे, सलाहकार संपादक-रविकिरण साहू email: navpradeshjbp123@gmail.com फोन-0761-4924975